रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/94 REGISTERED NO. DL—33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 21, 1994 (वैशाख 31, 1916)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 21, 1994 (VAISAKHA 31, 1916)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	415
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	453
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	973
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	—
भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	503
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	431
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	2637
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . .	73
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक . .	*

*प्रकाशित नहीं हुए।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	415
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	453
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence.	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of [Defence]	973
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION—4 Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	503
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	431
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	"
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2637
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private bodies.	73
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi.	

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई, 1994

सं० 26-प्रेज/94—राष्ट्रपति, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री वी० पी० एस० त्यागी, (मरणोपरान्त)
कम्पनी कमांडर,
18वीं बटालियन,
भारत तिब्बत सीमा पुलिस,
जिला उत्तरकाशी ।

श्री सुखदेव ढोंढाल, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
18वीं बटालियन,
भारत तिब्बत सीमा पुलिस,
जिला उत्तरकाशी ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

श्री विजय पाल सिंह त्यागी, कम्पनी कमांडर, 18वीं बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस को, 4 फरवरी, 1992 को उत्तर प्रदेश की गढ़वाल पहाड़ियों में स्थित मलारी अक्ष में तैनात अपने कम्पनी कर्मियों में वेतन वितरित करने के लिए लगाया गया था । 6 फरवरी, 1992 के दुर्भाग्यपूर्ण दिन को, वे वेतन दल के साथ मलारी की ओर बढ़ते हुए भापकुण्ड के लिए रवाना हुए । उनके अतिरिक्त उस दल में श्री एम० एस० पंवार, कंपनी कमांडर (इंजीनियर) और 15 अन्य कार्मिक थे । वे सरकारी वाहन में अपने दल के साथ भापकुण्ड के लिए 0900 बजे रवाना हुए और जुम्मा के 5 कि० मी० पहले तक पहुंचे जहां कि सड़क अवरुद्ध थी । अब सड़क से आगे पूरा क्षेत्र बर्फ से ढका हुआ था और यह स्पष्ट था कि वाहन और आगे नहीं जा सकता है । इसलिए अपने निजी सामान को अपनी पीठ पर लादकर वे पैदल ही चल पड़े । सड़क के उस अवरोध से भापकुण्ड की दूरी 15 कि० मी० है ।

जब यह दल 14.00 बजे जुम्मा पहुंचा तो उन्होंने अपेक्षा से अधिक बर्फ एकत्र देखी, थोड़ा विश्राम करने के बाद दल ने पुनः अपनी यात्रा शुरू कर दी । उसी समय बर्फ पड़ने लगी, तथापि, यह काफी संयत थी । मौसम की स्थिति और एकत्र हुए बर्फ को देखकर श्री त्यागी ने सोचा कि तेजी से यात्रा करना बेहतर होगा जिससे कि अंधेरा होने से पहले वे भापकुण्ड पहुंच सकें । दल 1700 बजे झेलम पहुंचा जो भापकुण्ड से केवल 3 कि० मी० दूर है । झेलम और भापकुण्ड के बीच कई जगह बर्फ के बड़े-बड़े ढेर थे और बर्फ के ये सभी बड़े-बड़े ढेर उस समय तक हुए हिमस्खलन के कारण बन चुके थे । बर्फ के दो ढेर एक झेलम से ठीक आगे और दूसरा भापकुण्ड से थोड़ा पहले, काफी विशाल थे और उस समय उन्हें पार करना काफी खतरनाक था । अंतिम हिम ढेर तक पहुंचने से पहले दल ने सभी हिम-ढेरों को आसानी से पार कर लिया था, कई स्थानों पर, जहां पहले के पदचिन्ह नई बर्फ पड़ने के कारण ओझल हो गए थे, श्री त्यागी ने स्वयं दल का नेतृत्व किया और कुल्हाड़ी की सहायता से रास्ता बनाकर उन हिम-ढेरों को पार करने लायक बनाया । अंतिम हिम-ढेर से ठीक पहले जहां कि दुःखद घटना घटी, इस अधिकारी ने कांस्टेबल सतीश कुमार को, जो उनसे ठीक आगे था और रास्ते से फिसल गया था, तुरन्त ऊपर खींचकर उसे सफलतापूर्वक बचा लिया ।

यह दल, करीब 1800 बजे उस दुर्भाग्यपूर्ण हिम-ढेर पर पहुंचा जोकि भापकुण्ड में स्थित भा० ति० सी० पु० के ट्रांजिट कैम्प से केवल 200 मी० दूर था । उस समय तक श्री त्यागी ने निश्चय किया कि कंपनी कमांडर (इंजीनियर) के साथ 3 कार्मिक पहले पार करेंगे, उसके बाद 3 अन्य कार्मिक उनके पीछे जाएंगे और वह स्वयं मध्य में रहेंगे । जिससे वे इस बात की देख-रेख कर सकें कि टुकड़ियां किस प्रकार आगे बढ़ रहीं हैं और तदनुसार वे उनका मार्गदर्शन कर सकें । चूंकि कांस्टेबल सुखदेव एक मजबूत खिलाड़ी था और उसे पर्वतारोहण का अनुभव था, इसलिए श्री त्यागी ने उसे दल के पीछे की ओर रखा, जिससे कि पार करते समय अचानक किसी के फिसल जाने पर वह बचाव कार्य कर सकें । ठीक उस समय, वे एक ग्लेशियर को पार करने का प्रयास कर रहे थे, अचानक एक बर्फानी तूफान आया । उस समय तक 6 व्यक्ति ग्लेसियर को तकरीबन पार कर चुके थे । श्री त्यागी, कांस्टेबल सतीश कुमार

के पीछे थे और कांस्टेबल सुखदेव, पार जाने वाले इस दल में सबसे पीछे था। बर्फानी तूफान लगातार तीन बार आया। जब पहला बर्फानी तूफान आया तो सभी लोग अपने आपको बचाने के लिए इधर-उधर भागे। कांस्टेबल सतीश कुमार मुख्य आवेग में फंस गया। उसके पीछे के व्यक्तियों ने एक बड़ी चट्टान की शरण ली जोकि सड़क के किनारे ग्लेसियर के बीचों-बीच खड़ी थी और जिसने बड़ी मात्रा में आने वाली बर्फ और पथरीली सामग्री को प्रतिरुद्ध किया और वे बर्फ तथा पथरीली सामग्री इधर-उधर से होकर निकली। बर्फानी तूफान की पहली और दूसरी लहर के बीच मुश्किल से 30 सैकेण्ड का अन्तराल था। श्री त्यागी और अन्य ने, जो चट्टान की आड़ में तुलनात्मक रूप से सुरक्षित शरण तकरीबन ले चुके थे, देखा कि नीचे आने वाले हिमधाव के आवेग से कांस्टेबल सतीश कुमार गिर गया है, उस स्थल से 300 फुट से अधिक नीचे की ओर धौलीगंगा नदी बहती है जिसके किनारों के चारों ओर गहरे खड्ड और ऊंची नीची चट्टानें हैं। कांस्टेबल सतीश कुमार सहायता के लिए चिल्लाये और आह्वान के त्वरित प्रत्युत्तर मे श्री त्यागी उसकी ओर दौड़े। जिस क्षण श्री त्यागी ने उनका हाथ पकड़ा तो अचानक ही बर्फानी तूफान की दूसरी लहर आई और इसका प्रभाव इतना विध्वंसकारक और प्रचण्ड था कि इसके बाद बाकी बचे लोगों को कुछ भी दिखाई नही दिया। एक तेज कड-कड़ाहट की आवाज सुनाई पड़ी और उसके बाद प्रचण्ड और असहनीय बर्फानी तूफान आया। यह लगभग 3–4 मिनट तक रहा और जब यह तूफान शांत हुआ तो वे लोग जो पहले ही ग्लेसियर पार कर चुके थे और सुरक्षित दिशा में थे, तुरन्त आए, ग्लेसियर में फंसे हुए तथा चट्टान की आड़ में छिपे लोगों को उसमे से बाहर खीचा। उस चट्टान की आड़ मे छिपे हमारे लोगों में से कुछ ने देखा कि अधिकारी और कांस्टेबल सतीश कुमार को बचाने के लिए दुस्साहसिक कार्रवाई करते हुए कांस्टेबल सुखदेव उनकी ओर कूद पड़ा। ऐसा, दूसरी तूफानी लहर से ठीक पहले हुआ। जब सभी बच गए लोगो को निकाल लिया गया तो पाया गया कि श्री त्यागी, कम्पनी कमांडर, कांस्टेबल सतीश कुमार और कांस्टेबल सुखदेव गायब थे और मान लिया गया कि हिमधाव में फंस गए है।

दूसरी लहर के लगभग आधा घंटे बाद बर्फानी तूफान की तीसरी लहर शुरू हुई। इस समय तक बिल्कुल अंधेरा हो चुका था और तेजी से बर्फ पड़ रही थी। बचाव कार्य तुरन्त करना संभव नहीं था इसलिए शेष दल, श्री एम० एस० पंवार, कम्पनी कमांडर (इंजीनियर) की कमान के अधीन ट्रांजिट कैम्प, भापकुण्ड वापस आए। इतने बड़े बर्फानी तूफान और लगातार बर्फ पड़ने के कारण, नदी तक सड़क पर और उसके किनारे भारी मात्रा में बर्फ एकत्र हो गई थी और नदी, विशाल बर्फ की पुल से ढक गई थी जिस पर औसतन 60 फुट ऊंची बर्फ थी। श्री त्यागी, जो अभी भी लापता थे और जिनके बारे में यह मान लिया गया था कि वे ग्लेसियर के नीचे फंस गए है (जिनका शव अभी तक बरामद नहीं हुआ), ने प्रशंसनीय साहस, चरित्रबल और वृढ़ निश्चय तथा सुनेतृत्व गुण का प्रदर्शन किया। स्वयं अपने जीवन की परवाह न करते हुए उन्होंने मौत के पंजों से अपने आदमियों को बचाने का एक विकट प्रयास करने का साहस किया।

इस घटना में सर्वश्री वी० पी० एस० त्यागी, कम्पनी कमांडर और सुखदेव डोभाल, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 फरवरी, 1992 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई, 1994

सं० 27-वेज 94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक समर्पण प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री जगवीर सिंह,
कांस्टेबल,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल,
मद्रास।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 1 जून, 1992 को करीब 2050 बजे जब कांस्टेबल जगवीर सिंह, सालवेज स्क्रैप यार्ड, मनाली, मद्रास, में यार्ड के अन्दर गश्त लगा रहे थे, तो उन्हें यार्ड के दूसरे कोने से गलत गतिविधियों का आभास हुआ और उन्होंने एक व्यक्ति को उसके छिपने के स्थान से बाहर आते देखा। उसी समय तीन अन्य संदिग्ध व्यक्ति एक प्रशिक्षित कुत्ते के साथ श्री जगवीर सिंह की ओर बढ़ने लगे। कुत्ता श्री जगवीर सिंह पर झपटा और उनको बुरी तरह से काट खाया, जबकि अन्य चार अपराधियों ने श्री जगवीर सिंह के सिर और शरीर पर लोहे की छड़ों से वार करना शुरू कर दिया। खूंखार कुत्ते और घुसपैठियों द्वारा किए गए अचानक इस हमले के बावजूद भी उन्होंने उनमें से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया, तुरन्त अन्य घुसपैठियों ने उस पर काबू पा लिया और उनको धरती पर गिरा कर दबोच लिया। इसके बावजूद भी कांस्टेबल जगवीर सिंह ने एक हाथ से 20 मिनट से अधिक समय पर घुसपैठियों का मुकाबला किया और उनमें से एक पर अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखी। बाद में, शोर मचाने पर कुछ मजदूर तथा पास की ड्यूटी चौकी से एक संतरी दौड़कर वहां पहुंचा और उन्होंने कांस्टेबल जगवीर सिंह की गिरफ्त में एक संदिग्ध व्यक्ति को पाया। लोहे की छड़ों की मार से हुए जख्मों के कारण पूरे शरीर से

अत्यधिक रक्त-स्राव और कुत्ते द्वारा अनेक स्थानों पर काटे जाने से भयभीत और गम्भीर रूप से घायल कांस्टेबल जगवीर सिंह को तुरन्त ही अस्पताल ले जाया गया। एक घुसपैठिए को गिरफ्तार कर लिया गया। किन्तु आगे बढ़ रहे कार्मिकों और पुलिस संतरी को आते देखकर अन्य तीन अपराधी कुत्ते सहित वहां से बचकर भाग गए। गिरफ्तार किए गए अपराधी को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री जगवीर सिंह, कांस्टेबल, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 जून, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई, 1994

सं० 28-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री आनन्द मोहन महतो,
नायक,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।

श्री रामेश्वर दत्त,
कांस्टेबल,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

5/6 जुलाई, 1992 की मध्यवर्ती रात्रि को, कांस्टेबल रामेश्वर दत्त और कांस्टेबल जीवन के साथ नायक आनन्द मोहन महतो को टार्च लाइटों और छोटी लाठियों से लैस सादे कपड़ों में घात लगाने की ड्यूटी पर तैनात किया गया था ।

0305 बजे फैरो एलाय स्टोर्स में ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल के० एस० अधिकारी ने घात लगाने वाले दल को सूचना दी कि स्टील मैल्टिंग शाप क्षेत्र में 8/9 अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहे है । यह सूचना प्राप्त होने पर घात लगाने वाले दल ने तुरन्त पैरीमीटर दीवार पर मोर्चा संभाल लिया, जहां से अपराधियों के गुजरने की आशा थी। नियंत्रण कक्ष से एक सशस्त्र केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टुकड़ी भी स्टील मैल्टिंग शाप पर पहुंच गई और उस क्षेत्र की तलाशी लेनी शुरू कर दी । नायक महतो और उसके दल के साथियों ने जब उनको ललकारा तो अपराधी पीछे हट गए और पाईप गन से एक राउण्ड फायरिंग की । निहत्थे होने के बावजूद, नायक महतो तेजी से आगे बढ़े और एक अपराधी पर झपट पड़े । इस प्रक्रिया के दौरान अपराधियों के पकड़ने के लिए कान्स्टेबल रामेश्वर दत्त भी तेजी से आगे बढ़े । स्वयं को निसहाय पाकर अपराधियों ने एक और शाट फायर किया जो कांस्टेबल रामेश्वर दत्त की दाईं छाती में लगा जिससे उनके दांए फेफड़े में छिद्र हो गया । इसके बावजूद नायक महतो तब तक अपराधियों से जूझते रहे जब तक कि वहां कुमुक नहीं पहुंच गई । कांस्टेबल रामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो चुके थे और वे नीचे गिर गए । अपराधियों को पकड़ने के लिए वे अपने साथियों को चीख-चीख कर कहते रहे । नायक महतो और कांस्टेबल दत्त ने निहत्थे होते हुए भी खतरनाक अपराधी के साथ जूझने और उसको पकड़ने में उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया। भागते हुए अपराधियों ने 110 कि० ग्रा० फैरो क्रोम एलाय, 10 कि० ग्रा० एलूमीनियम स्टार और पैरीमीटर दीवार पर चढ़ने के लिए प्रयोग की गई 20 फुट की रस्सी वहां छोड़ी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री आनन्द मोहन महतो, नायक और रामेश्वर दत्त, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 5 जुलाई, 1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई, 1994

सं० 29-प्रेज/94—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री पी० आर० एन० नायर,
2-1/सी,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री डी० कानन,
सहायक कमांडेन्ट,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री महाराज बक्स सिंह,
कांस्टेबल,
द्वितीय बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 19-8-1991 को लगभग 1045 बजे सूचना प्राप्त हुई कि कोबदारा और वन्तपारा क्षेत्र में बहुत संख्या में उग्रवादी एकत्र है। सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद, श्री पी० आर० एन० नायर, 2-1/सी को जवानों के साथ, स्थिति पर निगरानी रखने के लिए राजौरी कदाल चौकी पर तैनात किया गया। इसी बीच उग्रवादियों ने गश्ती दल पर गोलियां चलायी, जिसके बारे में बाद में पता चला कि ऐसा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का ध्यान मखदूम साहिब से हटाने के लिए किया गया था, जहां पर भारी संख्या में उग्रवादी एकत्र थे। मखदूम साहिब को घेरने का निर्णय लिया गया, जो हरि पर्वत पर ऊंचाई पर स्थित है और जवानों के लिए उग्रवादियों द्वारा सीधे गोलीबारी किए जाने का खतरा था। हरि पर्वत पर बैठे उग्रवादियों ने, श्री नायर के नेतृत्व में बढ़ रही पुलिस पार्टी पर गोलियां चलायी। श्री नायर ने स्थिति का जायजा लिया और अपने जवानों को इधर-उधर फैलने और वहां बाएं और दाएं से ऊपर चढ़ने का निर्देश दिया जबकि वे स्वयं बीच से आगे बढ़े। आगे बढ़ने पर उग्रवादियों ने गोलियां चलायीं, लेकिन, चूंकि वह क्षेत्र घनी आबादी वाला था और धार्मिक स्थल में तीर्थयात्री मौजूद थे, इसलिए उग्रवादियों की प्रचण्ड गोला-बारी को शान्त करने के लिए हथगोलों का इस्तेमाल नहीं किया गया। भारी गोलाबारी से विचलित हुए बिना और अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह न करते हुए, श्री नायर आगे बढ़े और प्रभावकारी मोर्चा संभाला और ऊपर की ओर से हो रही उग्रवादियों की प्रचण्ड गोलाबारी को अपनी ए० के० एम० के० राईफल से निष्प्रभावी कर दिया और इस प्रकार से भारी संख्या में हताहत होने की घटनाओं को टाल दिया और दल को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचे बिना घेरा डालने वाले दल को अपने कार्य को पूरा करने में मदद पहुंचाई। इसी बीच श्री डी० कानन, सहायक कमांडेन्ट के नेतृत्व वाली छानबीन पार्टी ने एक सशस्त्र उग्रवादी को घेरे के पश्चिमी किनारे पर एक घर में घुसते हुए देखा, जिसमें एक महिला और बच्चे मौजूद थे। निर्दोष लोग हताहत न हों, इसके लिए श्री कनकन, श्री महाराज बक्स सिंह कांस्टेबल के साथ पिछले दरवाजे से चुपके से घर में घुसे और अपने जीवन के प्रति भारी खतरे की स्थिति में उस उग्रवादी पर झपट पड़े, जो दूसरे दरवाजे से भाग रहा था और उसे दबोच लिया। इस पूरे अभियान के दौरान 4 पाक प्रशिक्षित उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। उनसे 3 ए० के०-56 राईफलें, 76 राउण्ड गोलियां, 7 मैगजीनें, हथगोले की एक छड़ और एक राऊन्ड हथगोला बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पी० आर० एन० नायर, 2-1/सी, डी० कानन, सहायक कमांडेन्ट और एम० बी० सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये गये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19-8-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई 1994

सं० 30-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक महर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री शेख उसमान, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
81वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 17-5-91 को करीब 1230 बजे लुधियाना के गांव हंसकलां और छज्जेवाल के बीच के क्षेत्र में पंजाब पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, और सीमा सुरक्षा बल ने एक संयुक्त अभियान चलाया। श्री शेख उसमान, कांस्टेबल इस बल का एक सदस्य था। जिस समय श्री शेख उसमान सहित दल की एक टुकड़ी गांव हंसकलां के दाहिनी ओर श्री अवतार सिंह नामक एक व्यक्ति के अकेले घर की तलाशी ले रही थी तो उस समय उन्होंने ए०के०-47 राईफलों और एम० एल० आर० राईफलों से लैस 6-7 आतंकवादियों के एक दल को गांव छज्जेवाल की ओर भागते हुए देखा। श्री उसमान सहित इस दल ने भाग रहे आतंकवादियों का तुरन्त पीछा किया और करीब एक किलोमीटर की दूरी तक पीछा करने के बाद उन्होंने एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि अन्य आतंकवादी गांव छज्जेवाल की ओर भागते रहे। पुलिस दल उनका पीछा करता रहा। एक किलोमीटर और दूर तक पीछा करने के बाद तीन आतंकवादियों ने कंकरीट के ट्यूबवैल की खाई में मोर्चा संभाल लिया और स्वचालित हथियारों से श्री उसमान और उनके सहकर्मियों पर गोली-बारी करनी शुरू कर दी। जबकि अन्य दो आतंकवादी गांव छज्जेवाल की ओर भागते रहे। श्री उसमान और उनके साथियों ने मोर्चे संभाल लिए और आतंकवादियों को उलझाए रखा, जिन्होंने कंकरीट के ट्यूब-वैल की पक्की खाई के पीछे अच्छी तरह मोर्चा संभाल रखा था, परन्तु उन आतंकवादियों को, जो मजबूत स्थिति में थे, वहां से बाहर निकालना कठिन और जटिल कार्य था। यह महसूस करते हुए कि वे दबाव में हैं तथा उनके द्वारा की जा रही गोली-बारी का कोई प्रभाव नहीं हो रहा, श्री उसमान ने साहस बटोरा और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना खुले स्थान में मोर्चा संभाला और आतंकवादियों को निकालने के लिए जी० एफ० राईफल से हथगोले फेंके। श्री उसमान ने चार एच० ई० हथगोले फेंके और एक आतंक-वादी को मार गिराने में सफल हो गए जो खाई से बाहर निकल आया था। जिस समय अन्य आतंकवादी भाग निकलने का प्रयास कर रहे थे उसी समय श्री उसमान ने अपना पांचवां हथगोला फेंकने के लिए पुनः मोर्चा ले लिया, परन्तु जैसे ही उन्होंने पांचवां गोला फेंकने के लिए अपना सिर ऊपर उठाया उसके सिर पर आतंकवादी की एक गोली लगी।

घायल होने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत की और बेहोश होने से पूर्व हथगोला फेंक दिया। उन्हें हस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।

उक्त अभियान के दौरान 6 आतंकवादी मारे गए, और आतंकवादियों से 4 ए० के०-47 राईफलें, एक एस० एल० आर० राईफल, मैगजीनें, 2 एस० एल० आर० की मैगजीनें, 8 मैगजीन ए० के०-47 एसाल्ट राईफल, 3 पिस्तौल, 2 रिवाल्वर, 2 छड़-बम, ए० के०-47 और एस० एल० आर० राईफल के 100 अनप्रयुक्त कारतूस तथा मोटर साईकल इत्यादि बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में श्री शेख उसमान, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17-5-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान, निदेशक

सं० 31-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री एच० आर० चौधरी,
सहायक कमांडेंट,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

श्री विवेक वैद,
पुलिस उपाधीक्षक,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

श्री सोम प्रकाश,
निरीक्षक,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह,
निरीक्षक,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

श्री महाबीर सिंह,
हैड कांस्टेबल,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

श्री सुभाष चन्दर,
नायक,
33 बटालियन, के० रि० पु० बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 15-4-1990 को एफ कम्पनी का एक दल पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में, उन्हें सौंपे गए क्षेत्र में गश्त/तलाशी ड्यूटी पर था। उस दल पर श्री ज्ञान सिंह के फार्म हाउस, जिसकी तलाशी पुलिस दल द्वारा ली ही जाने वाली थी, से आतंकवादियों द्वारा गोली चलाई गई। तुरन्त ही घेरेबंदी को मजबूत कर दिया गया और दल ने पोजीशन ले ली। स्थिति का आकलन करके और इसकी गम्भीरता समझ कर ए० सी० और डी० कम्पनी बटालियन मुख्यालय को कुमुक भेजने के लिए सूचना तुरन्त ही भेजी गई। सूचना प्राप्त होते ही श्री चौधरी दल के साथ घटना स्थल की ओर रवाना हो गए, फार्म हाउस का घेरा डाल लिया और परामर्श के बाद स्थिति का जायजा लिया तथा फार्म हाउस के अन्दर छिपे हुए और वहां से गोली चला रहे आतंकवादियों पर हमला करने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण करने के लिए उन्हें माइक पर कई बार चेतावनी दी गई लेकिन आतंकवादियों ने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। के० रि० पु० बल/पंजाब पुलिस के दलों पर पास के खेतों की ओर से भी गोलियों की एक बौछार आई। पुलिस दल ने पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी की। इसी बीच श्री सोम प्रकाश, निरीक्षक ने एक बुलेट प्रूफ जैकेट और एल० एम० जी० अपने एस्कोर्ट से ली और कवर फायर की सुरक्षा में, छत में छेद करने के लिए फार्म हाउस की छत पर चढ़ गए लेकिन एक बच्चे द्वारा यह सूचना मिलने पर कि आतंकवादी दूसरे कमरे में हैं, अपने निजी जीवन के प्रति गम्भीर खतरा उठाते हुए श्री सोम प्रकाश, भारी गोलीबारी के बीच लगभग 20 गज तक बढ़े और एक सीढ़ी की सहायता से दूसरी छत पर चढ़ गए जहां पर उनके साथ श्री चौधरी भी पहुंच गए। इन दो अधिकारियों ने अत्यधिक साहस के साथ लकड़ी और मिट्टी से बनी कच्ची छत में छेद किये, इस कार्य में उनकी जान को बहुत खतरा था क्योंकि कमरे के अन्दर से आतंकवादी भारी गोलीबारी कर रहे थे और खेतों में पोजीशन लिए हुए आतंकवादियों का दूसरा समूह भी जी० पी० एम० जी० से गोलियां चला रहा था। श्री चौधरी और श्री सोम प्रकाश ने कमरे के अन्दर हथगोले फेंके जिसके कारण कमरे में विस्फोट से आग लग गई। जब दूसरी ओर से गोली चलनी बन्द हो गई तो तलाशी ली गई और कमरे से हथियारों एवं गोली बारूद के साथ तीन शव बरामद हुए।

इसी समय जब यह अभियान चल रहा था तो चार-पांच आतंकवादियों के एक गुट ने, जो एक छोटे नाले में छिपा हुआ था, पुलिस दल पर गोली चलाना शुरू कर दिया। तुरन्त ही पूरे क्षेत्र की घेरे बन्दी कर ली गई और श्री विवेक वैद, पुलिस उपाधीक्षक के अधीन एक पुलिस दल पश्चिमी दिशा में नाले की ओर बढ़ा जहां कि आतंकवादी छिपे हुए थे जबकि एक अन्य दल श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह निरीक्षक के नेतृत्व में उत्तरी दिशा से आगे बढ़ा और एक दल के साथ एक पुलिस उपाधीक्षक दक्षिण पश्चिमी दिशा से आगे बढ़े। उसी समय आतंकवादियों को आत्मसमर्पण कर देने के लिए बार-बार माइक पर चेतावनी दी गई लेकिन उन्होंने पुलिस

दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। स्थिति की गम्भीरता को भांप कर मुठभेड़ की कमान संभाल रहे कमांडेंट (सी० सी० डी०) ने पोजीशन ले ली और श्री विवेक वैद के साथ आगे बढ़े तथा उन्होंने निरीक्षक श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह को हैंड/राइफल ग्रेनेड प्रयोग करने का निर्देश दिया। निजी खतरे की परवाह किए बिना श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह आतंकवादियों के मोर्चे के बिल्कुल नजदीक आ गए और उन्होंने आतंकवादियों पर हथगोले फैंके तथा देखा कि इस प्रक्रिया में एक आतंकवादी की पगड़ी उड़ गई है। अन्य दो कर्मियों के साथ श्री विवेक वैद एक बुलेट प्रूफ वाहन पर चढ़े, आतंकवादियों के बिल्कुल नजदीक तक चले गए और शेष बचे एक आतंकवादी को मार डाला। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए। इस समूचे अभियान के बाद जब टुकड़ियां इकट्ठी होने की प्रक्रिया में थी तो उन पर फिर से पास के एक फार्म हाऊस से गोली चलाई गई। क्षेत्र को तुरन्त ही घेर लिया गया और जब तलाशी ली जा रही थी तो गेहूं की खड़ी फसल का लाभ उठाते हुए आतंकवादी गांव–फिलोके और धोतियां की ओर भागे। आतंकवादियों को उलझाने के लिए कमांडेंट (सी० सी० डी०) की एस्कार्ट पार्टी को लगाया गया, जिसमें हैड कांस्टेबल श्री महाबीर सिंह और अन्य कार्मिक शामिल थे। चूंकि आतंकवादी गेहूं की खड़ी फसल की आड़ में अच्छी तरह से छिपे हुए थे इसलिए पुलिस दल की गोलीबारी प्रभावकारी सिद्ध नहीं हो रही थी। अपने जीवन के प्रति गम्भीर खतरा उठाते हुए श्री महाबीर सिंह आतंकवादियों के मोर्चे की ओर रेंगते हुए बढ़े, और उन्होंने हथगोले फैंके जिससे आतंकवादी गम्भीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच श्री चौधरी भी, जो कि घटनास्थल पर पहुंच गए थे, रेंगते हुए आतंकवादियों के मोर्चे की ओर गए और लगभग 15 मिनट तक गोलीबारी करके उन्हें उलझाए रखा। श्री चौधरी की एस्कार्ट पार्टी के श्री सुभाष चन्द्र, नायक, श्री महाबीर सिंह, हैड कांस्टेबल के साथ आतंकवादियों के मोर्चे की ओर रेंगते हुए गए और आतंकवादियों के बिल्कुल नजदीक पहुंचकर उन्होंने गोली चलाई और एक आतंकवादी को मार डाला।

इस समूचे अभियान/मुठभेड़ में कुल मिलाकर 6 आतंकवादी मारे गए जिनकी पहचान बाद में (1) परगट सिंह; (2) कुलदीप सिंह; (3) तरसेम सिंह सोहल; (4) पाल सिंह; (5) बलदेव सिंह भंड; और (6) गोपाल सिंह के रूप में की गई। एक 7.62 एस० एल० आर०, 6ए० के०–47 राईफलें, एक 338 रिवाल्वर, 1 जी० पी० एम० जी०, 2 स्टिक बम, ए० के० –47 की 10 मैगजीन, 7.62 की एक मैगजीन और 685 राउन्ड मृत आतंकवादियों के पास से बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री एच० आर० चौधरी, सहायक कमांडेंट विवेक वैद, पुलिस उपाधीक्षक; सोम प्रकाश, निरीक्षक; देवेन्द्र प्रसाद सिंह, निरीक्षक, महाबीर सिंह, हैड कांस्टेबल और सुभाष चन्द्र, नायक, 33 बटालियन, के० रि० पु० बल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15–4–1990 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 32–प्रेज 94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री रघुवीर सिंह (मरणोपरान्त)
नायक,
36वीं बटालियन,
के० रि० पु० बल।

श्री सुरेन्द्र सिंह,
लांस नायक,
75वीं बटालियन,
के० रि० पु० बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 7.4.1992 को, श्री अजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, तरन–तारन, को सूचना मिली कि खूंखार उग्रवादियों का एक गिरोह गांव खोजकीपुर, थाना–वीरोवाल, के क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक (प्रचालन), तरन–तारन, थाना प्रभारी, थाना वीरोवाल और पुलिस की अन्य टुकड़ियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र का घेरा डालें और उस क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी लें।

इस बीच, श्री अजीत सिंह ने दूसरी बटालियन, डोगरा रेजिमेंट, फतेहाबाद, के कमांडिंग आफिसर, कमांडेंट, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, फतेहाबाद और पुलिस उप–अधीक्षक, गोइन्दवाल साहिब से सम्पर्क स्थापित किया और स्थिति से अवगत कराया। ये सभी अधिकारी अपने–अपने बल सहित घटना स्थल पर पहुंच गए। श्री अजीत सिंह ने गांव खोजकीपुर के बलविन्दर सिंह नामक व्यक्ति के फार्म हाउस का निरीक्षण किया। इस बीच, उन्हें पता लगा कि बलविंदर सिंह के फार्म हाउस में एक बंकर बना हुआ है जिसमें अत्याधुनिक शस्त्रों सहित एक सशस्त्र उग्रवादी छिपा हुआ है।

श्री अजीत सिंह ने बल को विभिन्न दलों में विभाजित कर दिया और उन्हें फार्म हाउस की विभिन्न दिशाओं में भेज दिया। श्री अजीत सिंह के नेतृत्व वाला दल एक बुलेट प्रूफ ट्रेक्टर पर सवार होकर फार्म हाउस की दिशा में आगे बढ़ा और उन्होंने

उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा, परन्तु उग्रवादियों ने इसकी परवाह नहीं की। तब श्री अजीत सिंह अपने बन्दूकधारी, हैड कांस्टेबल सहित ट्रेक्टर से नीचे उतरे और फार्म हाउस की रसोई की छोटी दीवार के पीछे मोर्चा ले लिया । उन्होंने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए दोबारा से ललकारा परन्तु पुलिस कार्मिकों को देखते ही उग्रवादियों ने सर्वश्री अजीत सिंह और सतनाम सिंह, पर अंधाधुंध गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस बल ने भी अपने सर्विस शस्त्रों से जवाबी गोलियां चलायी। इसके बाद श्री अजीत सिंह और हैड कांस्टेबल श्री सतनाम सिंह ने उनके छिपने के स्थान पर हथगोले फैंके । हथगोले बंकर के छेद में से होकर अंदर गिरे और कुछ क्षणों के बाद हथगोले फट गए । बंकर में अत्यधिक धुंए और घुटन से बाहर आने पर मजबूर हो गया । वह बाहर निकला और उसने बच कर भागने की कोशिश की, पुलिस दलों ने भाग रहे आतंकवादी पर गोलियां चलाई । सर्वश्री अजीत सिंह, सतनाम सिंह हैड कांस्टेबल और अन्य पुलिस कार्मिकों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के कारण भाग रहे आतंकवादी ने पशुओं का चारा रखने के एक स्थान के निकट मोर्चा संभाला और पुलिस दलों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया । चूंकि पुलिस बलों द्वारा की गई गोलीबारी प्रभावकारी सिद्ध नहीं हो रही थी अतः एक अग्रिम दल भेजने का निर्णय लिया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 36वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में नायक रघुबीर सिंह, लांस नायक सुरेन्द्र सिंह तथा छह अन्य कार्मिकों का एक दल बनाया गया और उसे आतंकवादी के समीप जाने और उसको समाप्त करने के लिए कहा गया। यह दल सम्पूर्ण स्थिति का तेजी से जायजा लेकर और इसके बाद निर्धारित रणनीति के अनुसार, अत्यधिक साहस के साथ और जोखिम की परवाह किए बगैर, आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ा; जबकि नायक रघुबीर सिंह और लांस नायक सुरेन्द्र सिंह ने, जो दल की अग्रिम पंक्ति में थे, गोली चलाओ और आगे बढ़ो, रणनीति अपनाई और सारे समय आतंकवादी की ओर गोली चलाते हुए फार्म हाउस की दिशा में बढ़ते गए । जब यह दल फार्म हाउस के समीप पहुंचने वाला था, तभी छिपे हुए आतंकवादी ने आगे बढ़ रहे अग्रिम दल पर अचानक गोली चलाना शुरू कर दिया और चूंकि नायक रघुबीर सिंह और लांस नायक सुरेन्द्र सिंह अग्रिम पंक्ति में थे, इसलिए आतंकवादी की गोलियों की प्रथम बौछार का वार उन पर हुआ । आतंकवादी द्वारा चलाई गई गोलियां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की, 36वीं बटालियन, के नायक रघुबीर सिंह को लगी, जिसके फलस्वरूप उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 75वीं बटालियन के लांस नायक सुरेन्द्र सिंह बुरी तरह से घायल हो गए ।

सर्व श्री अजीत सिंह और सतनाम सिंह, हैड—कांस्टेबल आसन्न जोखिम की परवाह किए बिना, रेंगते हुए उस स्थान की ओर बढ़े जिधर से आतंकवादी पुलिस दल पर गोलियां चला रहा था । उन्होंने एक दम नजदीक से आतंकवादी पर गोलियां चलाई, जिसके फलस्वरूप आतंकवादी घटना स्थल पर ही मारा गया, जिसकी पहचान जरनैल सिंह उर्फ जैला बूह के रूप में की गई । तलाशी लेने पर, मुठभेड़ स्थल से, 1 ए०के०—47 राईफल, की 3 मैगजीने, ए०के०—47 राईफल के 100 कारतूस तथा 40 खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री रघुबीर सिंह, नायक और सुरेन्द्र सिंह, लांस नायक, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 7.4.1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 33—प्रेस/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पूसा राम,
कांस्टेबल,
93वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 23.5.92 को लगभग 0800 बजे एक उप-निरीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस दल, जिसमें 93वीं बटालियन का कांस्टेबल पूसा राम भी शामिल था, को गांव-फूला के क्षेत्र/खेतों में आतंकवादियों के छिपने के संभावित ठिकानों का पता लगाने के लिए फार्म हाउसों की तलाशी लेने का काम सौंपा गया था। जब तलाशी दल गांव-बेहड़ा की ओर आगे बढ़ रहा था तो उस गांव की ओर जाने वाली कच्ची सड़क के दाहिनी ओर स्थित एक फार्म हाउस उन्हें दिखाई पड़ा। दल के कमांडर ने अपने कर्मियों को फार्म हाउस के चारों ओर बनी दीवाल के साथ-साथ तैनात किया और वे कांस्टेबल पूसा राम के साथ उस के परिसर में घुसे । फार्म हाउस के सभी चार कमरे बन्द थे । जिससे संदेह उत्पन्न हो गया। कांस्टेबल पूसा राम के साथ दल के कमांडर युक्तिपूर्वक नजदीक पहुंचे और उन्होंने कमरे के दरवाजे के क्रमशः बाईं ओर दाहिनी पोजीशन लेली तथा दरवाजे को खटखटाया और उसे धक्का देकर खोल दिया तुरंत ही एक सशस्त्र आतंकवादी बाहर आया और उसने दल के कमांडर पर अपनी स्वचालित राइफल से गोलियां चलाई जिन्होंने तत्परता से झुक कर स्वयं को गोलियों से बचा लिया । कांस्टेबल पूसा राम, जो पास में ही था और एक 7.62

राइफल लिए हुए था लेकिन जिसे आतंकवादी द्वारा देख लिया गया था, ने दल के कमांडर को आतंकवादी द्वारा चलाई जाने वाली गोलियों के सामने देखकर बिना समय गंवाए और एक दुर्लभ तथा साहसिक कार्य करते हुए आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे घायल कर दिया। घायल आतंकवादी ने एक और बर्स्ट कांस्टेबल पूसा राम की ओर झोंका जो त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए सामने की ओर झुक गया और गोलियों से बच गया तथा अपनी राइफल से उसने आतंकवादी के महत्वपूर्ण अंगों पर गोली चलाकर उसे वहीं ढेर कर दिया। मृत आतंकवादी की पहचान बाद में के० सी० एफ० स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल काबुल सिंह राड़ेवाल के रूप में की गई जो अनेक हत्याओं के लिए जिम्मेदार था और जिसको पकड़ने के लिए 5.00 लाख रु० का नकद इनाम था। आतंकवादी की लाश के पास से कुछ हथियार एवं गोली-बारूद भी बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री पूसा राम, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट बीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत बीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 23.5.1992 से दिया जाएगा।

गिरिश प्रधान,
निदेशक

सं० 34-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी बीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री प्रीतम दास,
कांस्टेबल,
73 बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का बिवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

गांव बुटाले-खानपुर-शेरो बग्गा के क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने पर के० रि० पु० बल की दो टुकड़ियां 1-8-1991 को लगभग 1900 बजे क्षेत्र की गश्त की ड्यूटी पर लगाई गई। गश्ती दल के एक सदस्य श्री प्रीतम दास, कांस्टेबल ने, लगभग 5.30 बजे शाम के समय गांव-भूटाला से शेरों बग्गा जाने वाले लिंक रोड़ पर गश्त लगाते हुए एक सशस्त्र आतंकवादी को एक मोपेड मोटर साइकिल पर गांव-खानपुर की ओर से आते हुए देखा। चूंकि सड़क के किनारे पर ऊंची-ऊंची झाड़ियां थी इसलिए आतंकवादी उस समय तक गश्ती दल को नहीं देख पाया जब तक कि वह आमने-सामने नही आ गया। श्री प्रीतम दास, जोकि आगे चल रहे वाहन में, दल के अन्य सदस्यों के साथ थे, उतर गए और उन्होंने आतंकवादी को रुकने का इशारा किया। आतंकवादी ने अपनी मोपेड रोकी और नीचे उतरा लेकिन अचानक ही उसने अपनी माउजर पिस्टल से श्री प्रीतम दास पर गोली चला दी जिसके परिणामस्वरूप उनके जबड़े पर भारी चोट लगी। उसके बाद आतंकवादी सड़क के किनारे के खेत में कूद गया और पुलिस दल पर गोली चलाना जारी रखते हुए उसने खेतों से होकर भागकर बचकर निकल जाने की कोशिश की। घायल होने के बावजूद श्री प्रीतम दास ने धैर्य नहीं खोया और आतंकवादी की गोलियों का सामना करते हुए वे सड़क के किनारे की झाड़ियों से होकर खेत के कोने की ओर बढ़े और उन्होंने आतंकवादी पर गोली चलाई जिससे वह बचकर नही भाग सका और उसे खेत में पोजीशन लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी बीच, गश्ती दल के अन्य सदस्यों ने उस कट्टर आतंकवादी के चारों ओर घेरा डाल दिया। घायल होने के बावजूद श्री प्रीतम दास ने अपना मोर्चा संभाले रखा और आतंकवादी को अपनी जगह से हिलने नहीं दिया जिसके फलस्वरूप आतंकवादी का अंत हुआ। मृत आतंकवादी की पहचान राम सिंह चहल-एक कुख्यात कट्टर आतंकवादी और बी० टी० एफ० के स्वयंभू लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में की गई जिसके पास से एक .30 माउजर पिस्टल, जिन्दा कारतूसों सहित दो मैगजीन बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में श्री प्रीतम दास, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट बीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत बीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1-8-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 35-प्रेज 94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी बीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री धन्ना सिंह,
हैड कांस्टेबल,
70 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 8.11.1991 को अमृतसर-मिकाविन्ड सड़क पर उग्रवादियों द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कारवां पर घात लगाने के बाद पंजाब पुलिस के साथ इस यूनिट ने एक सहायक

कमांडेंट की कमान्ड के अधीन 12-11-91 को विशेष घेरा-बन्दी करने और छानबीन करने का अभियान चलाया। गांव सूर सिंह और सिसरेवाल के बीच घेरा बन्दी की गयी और क्षेत्र में 6.30 बजे घरों की छानबीन करने का अभियान चलाया गया। जब छानबीन की जा रही थी तो कुछ दूरी पर स्वचालित हथियारों से चलायी गयी गोलियों की आवाजें सुनाई दीं। सम्पूर्ण बल तत्काल उस स्थान पर पहुंचा और पाया कि घातक और आधुनिक हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों का स्थानीय पुलिस पीछा कर रही है। यह देखने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कुमुक पहुंच गयी है, आतंकवादियों ने गन्ने के खेत में मोर्चा सम्भाल लिया जो चारों तरफ सरसों और धान के खेत से घिरा था और पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलायीं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पार्टी के कम्पनी कमान्डर ने क्षेत्र को तत्काल घेर लिया और कुमुक मंगवायी। एक बुलेटप्रूफ ट्रेक्टर मंगाया गया और इस पर बैठकर 5 पुलिस कार्मिक आतंकवादियों की तलाश में खेतों में घुसे लेकिन नाकामयाब होकर लौटे। यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की दुबारा तलाशी ली जाये जिसके लिए कुमुक के हैड-कांस्टेबल श्री धन्ना सिंह खेतों में जाने का खतरा मोल लेने के लिए आगे आए। श्री धन्ना सिंह ए० के० एम० के० 47 राईफल से लैस होकर बुलेट प्रुफ वाहन पर बैठे और गन्ने के खेत के दक्षिणी छोर से तलाशी लेनी शुरू की, लेकिन जैसे ही वे उत्तर-पश्चिमी किनारे पर पहुंचे, उन पर नजदीक से जी० पी० एम० जी० जैसे स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की गयी जो वाहन की विन्ड स्क्रीन और बाडी पर लगी। श्री धन्ना सिंह ने साहस नहीं छोड़ा और भारी गोली-बारी के बावजूद अत्यधिक दृढ़ निश्चय के साथ अपने कार्मिकों को आतंकवादी पर गोलियां चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने अपने ए० के० एम० के० 47 राईफल से आतंक-वादी पर गोलियां चलायीं उसे घटनास्थल पर ही मार डाला। ए० के० 47 राईफल से लैस दूसरे आतंकवादी ने श्री धन्ना सिंह पर अचानक गोली चलायी और पास के सरसों के खेत में भागने की कोशिश की परन्तु चौकस और सतर्क श्री धन्ना सिंह ने उसकी गतिविधियां देख ली थी और ड्राईवर को भाग रहे आतंक-वादी का पीछा करने का निर्देश दिया। उसने अपने कार्मिकों को गोलियां चलाने का आदेश दिया और अन्ततः वे उग्रवादी को मार गिराने में सफल हो गए। तथापि तीसरा आतंकवादी खेतों से होकर भागने में सफल हो गया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर दो शव बरामद हुए, बाद में जिनकी शिनाख्त अमृतसर के हरदेव सिंह भाम और परगट सिंह सखीरा के रूप में की गयी।

मृत आतंकवादियों से, एक ड्रम मैगजीन सहित एक जी०पी० एम० जी०, दो मैगजीनों सहित एक ए० के० 47 राईफल और 103 सक्रिय कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री धन्ना सिंह, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12-11-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 36-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री महेश्वर सिंह, (मरणोपरान्त)
नायक,
75वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

8-8-92 को, पुलिस स्टेशन तलवंडी साबू के अन्तर्गत गांव जगरांव तीरथ के संदिग्ध फार्म हाऊसों और घरों की तलाशी लेने/छापा मारने के लिए संयुक्त अभियान चलाया गया। ब्यौरा बताने के बाद, पुलिस पार्टी तलाशी लेने के लिए रवाना हुई और लगभग 1245 बजे, जब पार्टी श्री बलवन्त सिंह के मकान के नजदीक पहुंची तो उस घर में छिपे कुछ आतंकवादियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल/पुलिस पार्टियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। सहायक कमांडेंट, जो पुलिस पार्टियों का नेतृत्व कर रहे थे, ने अपने कार्मिकों को उस घर को तत्काल घेरने का आदेश दिया। जब घेरा डाला जा रहा था तो अचानक एक उग्रवादी घर के पिछले दरवाजे से बाहर आया और पुलिस पार्टियों पर अपनी ए० के० 56 राईफल से गोलियां चलाईं और भागने की कोशिश की। इसके परिणाम-स्वरूप, श्री महेश्वर सिंह, नायक जो घर के पिछले दरवाजे के नज-दीक अन्य कमान्डों सहित, घेरा डाले हुए थे, भाग रहे उग्रवादी द्वारा चलायी गयी गोलियों से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। श्री महेश्वर सिंह, हालांकि गम्भीर रूप से जख्मी थे, ने साहस बटोरा और भाग रहे आतंकवादी को रोकने के लिए उस पर निशाना साधा और अपने अचूक निशाने से उसे घटनास्थल पर ही मारने में सफल हो गए, और अन्य पुलिस कार्मिकों का जीवन बचाया। मारे गए आतंकवादी की बाद में सुखपाल सिंह के रूप में शिनाख्त की गयी। अस्पताल पहुंचने पर श्री महेश्वर सिंह को मृत घोषित किया गया जबकि अन्य जख्मी कमांडो ने घटना-स्थल पर ही दम तोड़ दिया। मुठभेड़ के बारे में सूचना मिलने पर और कुमुक पहुंच गयी। घर के कमरे में छिपे अन्य आतंक-वादी पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाते रहे। डेढ़ घंटे तक दोनों ओर से चली गोलीबारी प्रभावी सिद्ध नहीं हुई। कमरे की छत में छेद किए गए और कमरे के अन्दर हथगोले फैंके गए, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, जिसके परिणाम स्वरूप आतंक-वादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी। अब की तलाशी के

दौरान, दो शव बरामद हुए और बाद में उनकी पहचान बलदीप सिंह और मडडू सिंह के रूप में की गयी। मृतक से सक्रिय कारतूस की 3 मैगजीनों सहित एक ए० के० 47 राईफल सक्रिय राऊन्ड के साथ 9 एम० एम० मैगजीनों के साथ एक स्टेनगन, 5 सक्रिय कारतूसों के साथ एक माउजर पिस्तौल और पिस्तौल का एक खोल बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री महेश्वर सिंह, नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है । तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8-8-1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 37-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री प्रकाश सिंह, (मरणोपरान्त)
लांस नायक,
36वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री एम० बोदरा,
हैड कांस्टेबल,
36 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

29-6-92 को जलालाबाद गांव के श्री सरदारा सिंह और श्री कुन्दन सिंह के फार्म हाऊस के नजदीक मंड क्षेत्र में एक विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। यह निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जलालाबाद से व्यास नदी के किनारे-किनारे फार्म हाउस की तरफ बढ़ेगा जबकि स्थानीय पुलिस बल गांव-बोतल खेरी से होते हुए फार्म हाऊस पर जाएगा। पुलिस दलों को सूचित किया गया कि यह देखने पर कि सुरक्षा बल पहुंच गए हैं, शस्त्रों/गोलाबारूद से लैस 5-6 उग्रवादी नजदीक के मंड क्षेत्र में भाग गए हैं। उसके बाद पुलिस पार्टी को विस्तृत रूप से ब्यौरा देने के बाद युक्तिपूर्ण तरीके से मंड क्षेत्र की तलाशी लेने का निर्णय लिया गया। जब तलाशी दल व्यास नदी से लगभग 15-20 गज की दूरी पर था तो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर गोलियां चलायीं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडर ने अपनी पार्टी को मोर्चा सम्भालने और जवाबी गोलीबारी करने का निर्देश दिया । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पार्टी के लांस नायक प्रकाश सिंह ने सुरक्षित स्थान पर मोर्चा लिया और दूसरे नायक के साथ, आतंकवादी पर गोलियां चलायीं । पुलिस पार्टी द्वारा की गयी भारी गोलीबारी के परिणामस्वरूप लगभग एक घंटे तक चली इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए । चूंकि अंधेरा होने लगा था और सरकन्डे के खेत में और उग्रवादी मौजूद थे, अतः रात के दौरान क्षेत्र का घेराव करने के लिए और दिन में तलाशी जारी रखने के लिए और कुमुक मंगाने का निर्णय लिया गया । कुमुक बल के पहुंचने और फिर घेरा डालने पर तलाशी दल को मारे आतंकवादियों के शवों के साथ युक्तिपूर्ण ढंग से वहां से पीछे हटने का आदेश दिया गया। पुलिस दल केवल एक शव को ही बाहर निकालने में कामयाब हुआ क्योंकि अन्य को बरामद करना सम्भव नहीं था और यह भी सूचित किया गया कि लांस नायक प्रकाश सिंह अपनी एस० एल० आर० के साथ लापता है। अगली सुबह अर्थात् 30-6-92 को क्षेत्र की तलाशी लेने पर दूसरे आतंकवादी का शव और लांस नायक प्रकाश सिंह, जो आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए मारा गया था, का शव उसकी एस० एल० आर० के साथ बरामद हुआ। लांस नायक प्रकाश सिंह के शरीर में उसकी छाती और चेहरे पर गोलियों के जख्म थे और जख्मों के कारण उनका देहान्त हुआ था । आतंकवादी लांस नायक प्रकाश सिंह की गोली से मारा गया था।

चूंकि कुछ और आतंकवादी क्षेत्र में अभी भी छिपे हुए थे इसलिए अभियान जारी रखा गया । श्री एम० बोदरा सहित तलाशी दल जब क्षेत्र की तलाशी ले रहा था तो नदी के किनारे घने सरकन्डों के बीच में छिपे आतंकवादियों ने जी० पी० एम०जी० और ए० के० 47 राईफलों से उन पर गोलियां चलायीं। तलाशी दल को तत्काल मोर्चा सम्भालने और गोलियों का जवाब देने का आदेश दिया गया। इस बीच श्री बोदरा ने ए० के० 47 राईफलों से लैस दो आतंकवादियों को अपने सामने पाया । श्री बोदरा अपने जीवन की परवाह न करते हुए, रेंगते हुए आतंकवादियों की तरफ बढ़े, गोलियां चलायीं और घटनास्थल पर ही दोनों आतंकवादियों को मार गिराया। दो दिन तक चले इस अभियान के फलस्वरूप चार कुख्यात आतंकवादी, नामतः (1) बक्शी सिंह, (2) भलकीत सिंह, (3) हरिन्दर सिंह और (4) लडडू बल झोरा, मारे गए, जिनसे तीन ए० के० 47 राईफलें, एक 12 बोर की डी० बी० बी० एल० गन, जी० पी० एम० जी० के ड्रम खाक्स और भारी मात्रा में अप्रयुक्त/प्रयुक्त ए० के० 47 कारतूस बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री प्रकाश सिंह, लांस नायक, और श्री एम० बोदरा, हैड कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 29-6-1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई 1994

सं० 38-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

स्वर्गीय श्री एम० ए० देशमुख, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

श्री हरज्ञान सिंह,
उप निरीक्षक,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है।

थाना मेहता के अन्तर्गत डेरीवाल-जोधांगिरी गांव के क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और स्थानीय पुलिस द्वारा 15-8-1991 की रात को दो घात लगायी गयी। श्री हरज्ञान सिंह, उप-निरीक्षक (जिन्होंने अब 1-11-1991 से सेवा-निवृत्ति ले ली है), कांस्टेबल एम० ए० देशमुख के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी और स्थानीय पुलिस की एक टुकड़ी ने डेरीवाल-जोधांगिरी के बीच केनाल पुल पर 8.30 बजे अपराह्न से घात लगायी। लगभग 23.20 बजे जब घात लगाने वाली पार्टियों ने अपना मोर्चा छोड़ा और गांव डेरीवाल को जाने वाले कच्चे मार्ग पर जाना प्रारम्भ किया तो उन्होंने डेरीवाल गांव की तरफ से एक मोटर साईकिल को आते हुए देखा जिस पर दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे थे। श्री हरज्ञान सिंह, उप-निरीक्षक, जो घात लगाने वाली पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, ने कच्चे रास्ते पर घात लगाने का निर्णय लिया और जैसे ही मोटर साईकिल उनके नजदीक आयी, कांस्टेबल एम० ए० देशमुख ने दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को ललकारा। दोनो व्यक्ति सशस्त्र आतंकवादी थे, जिन्होंने ललकारे जाने पर तत्काल अपनी मोटर-साईकिल छोड़ दी और कांस्टेबल देशमुख और घात मोर्चे पर भारी गोलीबारी की। कांस्टेबल देशमुख तत्काल झुक गए और अपने हथियार से गोली चलायी, जिससे एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया। दूसरा आतंकवादी सड़क के किनारे के खेत में कूद पड़ा और अपनी ए० के० -47 राईफल से लगातार गोलियां चलाता रहा। श्री हरज्ञान सिंह जो श्री देशमुख के साथ थे, भारी गोलीबारी से विचलित नही हुए और आतंकवादियों पर गोलियां चलाते रहे और साथियों को भी आतंकवादियों पर गोलियां चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी बीच कांस्टेबल देशमुख, अपने जीवन को खतरे में डालकर सड़क के किनारे की तरफ आगे बढ़े और नजदीक से आतंकवादी पर गोलियां चलायी। कांस्टेबल देशमुख के चेहरे पर जो नजदीक से गोलियां चला रहे थे दुर्भाग्य से आतंकवादी द्वारा चलायी गयी एक गोली लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। श्री हरज्ञान सिंह, जो नजदीक ही थे ने अपने जीवन को भारी खतरे में डालकर जख्मी कांस्टेबल को तत्काल वहां से हटाया और अन्ततः आतंकवादी को मारने में सफल हो गया। मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त बाद में दिलबाग सिंह और विरसा सिंह फोजी के रूप में की गयी जो कुख्यात के० सी० एफ० (पंजबार) से संबंधित थे और अनेक हत्याओं और अपहरण इत्यादि में अन्तर्ग्रस्त थे। मारे गए आतंकवादी से एक ए० के०-47 राईफल, गोला बारूद सहित एक एस० एल० आर० और हीरो होंडा मोटर साईकिल बरामद हुई। कांस्टेबल देशमुख ने जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, रास्ते में जख्मों के कारण दम तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में (स्व०) श्री एम० ए० देशमुख, कांस्टेबल और श्री हरज्ञान सिंह, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष भत्ता भी दिनांक 15-8-1991 से दिया जायेगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई 1994

सं० 39-प्रेज/94— राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री हरीदास लिण्डे,
कांस्टेबल,
73वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 22-2-1991 को करीब 1800 बजे श्री हरीदास लिण्डे, कांस्टेबल, सहित जहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक गश्ती दल मुच्छल की तरफ से रायपुर खुर्द की ओर बढ़ रहा था तो उन्होंने सामने से तीन सशस्त्र आतंकवादियों को आते हुए देखा । गश्ती दल को देखते ही आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से पुलिस दल पर गोली-बारी करनी शुरु कर दी । वे अपनी मोटर साईकिल वही छोड़ गए और गेहूं के खुले खेतों में से होकर भागने लगे। पुलिस दल ने तुरन्त जवाबी गोली-बारी की और गेहूं के खेत में भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया। गश्ती दल दो दलों में बंट गया। उनमें से एक दल में कांस्टेबल हरीदास थे, जिन्होंने उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए तथा अपने जीवन की परवाह किए बिना भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया, जो लगातार गोली-बारी कर रहे थे। काफी दूर तक पीछा करने के बाद, कांस्टेबल हरीदास ने उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराने में सफलता प्राप्त की, जिसकी जिन्दल जील सिंह के रूप में पहचान की गई तथा जो बाबा

बकाला क्षेत्र में बहुत सी हत्याएं करने के लिए जिम्मेवार था कांस्टेबल हरीदास ने अपने जीवन को एक बार फिर से जोखिम में डालते हुए दूसरे भागते हुए आतंकवादी का पीछा करना जारी रखा और आतंकवादियों को घेरने के लिए दल के सदस्यों का मार्ग-दर्शन किया और इस प्रकार से आतंकवादियों को बचकर भागने नहीं दिया। आतंकवादिओं को निकट से घेर लेने के बाद कांस्टेबल लिण्डे तथा अन्य पुलिस कार्मिकों ने आतंकवादियों को मुठभेड़ में उलझाए रखा और फलस्वरूप शेष दोनों आतंकवादियों को मार गिराया, जिनकी गुरमेज सिंह और जगदीप सिंह उर्फ जगजीत सिंह के रूप में पहचान की गई दो मैगजीनों और 80 अनप्रयुक्त कारतूसों सहित एक ए० के०-47 राइफल, अनप्रयुक्त कारतूसों सहित दो .315 राइफलें तथा एक टी०बी०एस० सुजूकी मोटर साईकिल उनसे बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री हरीदास लिण्डे, कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट बीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1)) के अंतर्गत बीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22-2-1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई, 1994

सं० 40-प्रेज/94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी बीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री रनपाल सिंह,
उप-कमान्डेन्ट,
47वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल,

श्री ओम प्रकाश,
कांस्टेबल,
47वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 12-12-1991 को श्री रनपाल सिंह, उप-कमान्डेन्ट, कांस्टेबल ओम प्रकाश सहित एक पलाटून के साथ गांव-अबूरा, जिला बारामुल्ला जम्मू और कश्मीर में एक पूर्व-नियोजित अभियान के लिए जा रहे थे। पुलिस दल गांव में पहुंचने वाला ही था कि लगभग 50 से 60 उग्रवादियों ने तीन अलग-अलग दिशाओं से पुलिस पार्टी पर घात लगायी और जी०पी०एम०जी०, एल० एम० जी०, ए० के०-47 राईफलों से अंधाधुंध गोलीबारी की और नजदीक के मकानों और खुले खेतों से हथगोले फैंके। उग्रवादियों की सतत् और प्रभावकारी गोलीबारी से श्री रंनपाल सिंह और उसकी पार्टी को आगे बढ़ना असम्भव हो गया। श्री रनपाल सिंह ने अपनी आधी पार्टी को, एल० एम० जी० 2 मोटार और जी० एफ० राईफलों का प्रयोग करके उसे मोर्चे पर उग्रवादियों को उलझाऐ रखने का निर्देश दिया। श्री रनपाल सिंह अपने ग्रुप के ओम प्रकाश कांस्टेबल के साथ दूसरी तरफ को मुड़े और 3 कुख्यात उग्रवादियों के एक पृथक ग्रुप को उलझाये रखा जो नजदीक के खेतों से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। श्री रनपाल सिंह ने कांस्टेबल ओम प्रकाश को अपनी एल० एम० जी० से इस ग्रुप पर गोलीबारी करने का निदेश दिया जबकि उन्होंने स्वयं अपनी राईफल से उग्रवादियों के एक ग्रुप को उलझाये रखा । साथ ही साथ श्री रनपाल सिंह और ओम प्रकाश रेंगते हुए उस स्थान की ओर बढ़े जहां पर 3 उग्रवादियों ने मोर्चा सम्भाला हुआ था। पुलिस पार्टी को अपने नजदीक देखकर उग्रवादी हैरान और भौचक्के हो गए। श्री रनपाल सिंह और श्री ओम प्रकाश पर हथगोले फैंकते हुए उन्होंने आतंकित हो कर भागना शुरू कर दिया । श्री रनपाल और श्री ओम प्रकाश हथगोले से जख्मी हो गए और उनके शरीर में बहुत अधिक खून बहने लगा । श्री रनपाल सिंह और श्री ओम प्रकाश जख्मी होने के बावजूद हतोत्साहित नहीं हुए और उन्होंने उग्रवादियों को आत्म-समर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन उग्रवादी गोलियां चलाते रहे । कांस्टेबल ओम प्रकाश ने सही निशाना लगाया और भाग रहे एक उग्रवादी को मार गिराया जबकि श्री रनपाल सिंह ने दूसरे उग्रवादी को मार गिराया लेकिन तीसरा उग्रवादी जख्मी होने के बावजूद भागने में सफल हो गया । मारे गए दो आतंकवादियों की शिनाख्त फिरोज अहमद और गुलाम मोहम्मद के रूप में की गयी । मृतकों से चार मेगजीन-सहित 2 ए० के० 56 राईफल, दो हथगोले और एक छोटा वाकी-टाकी टाईप वायरलैस सैट और एक महत्वपूर्ण डायरी जिसमें महत्वपूर्ण सूचना थी, भी बरामद हुई ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री रनपाल सिंह, उप-कमान्डेन्ट और ओम प्रकाश कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत बीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12-12-1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 41-प्रेज-94—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री वी० पी० सिंह,
उप-कमांडेन्ट,
91 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री राम अवतार सिंह,
नायक
91 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री सुरेश सिंह,
हैड कांस्टेबल,
91 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री परगट सिंह,
कांस्टेबल,
91 बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 8-6-1992 को लगभग 05.00 बजे केन्द्रीय रिजर्व पु० बल और पंजाब पुलिस बल एक संयुक्त तलाशी अभियान गांव का कांडियाला में चलाया जा रहा था तो एक सूचना प्राप्त हुई कि अपने साथियों के साथ खूंखार आतंकवादी सुरजीत सिंह बेहली, काका कांडियाला गांव से 4 कि०मी० की दूरी पर स्थित गांव बेहली में भूतपूर्व विधायक श्री मनजिन्दर सिंह के घर में छिपा हुआ है आगे पूछताछ करने पर साहब सिंह नामक एक मिस्त्री से मालूम हुआ कि उसने उक्त मकान के प्रथम तल पर एक बंकर बनाया है। उपर्युक्त जानकारी मिलने पर श्री वी० पी० सिंह, उप कमान्डेन्ट, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और पंजाब पुलिस बल के साथ गांव की ओर बढ़े। गांव की घेरेबंदी के बाद अन्य अधिकारियों और कर्मियों के साथ श्री वी०पी० सिंह श्री मनजिंदर सिंह के मकान में घुसे जोकि एक व्यक्त हवेली जैसी दिखाई दे रही थी; साथ ही यह भी सूचित किया गया था कि श्री मनजिन्दर सिंह पिछले दो सालों से उस मकान में नहीं रह रहे थे। मकान की घेराबंदी प्रभावशाली ढंग से कर के उसकी तलाशी ली गई लेकिन भूतल के कमरों से कुछ बरामद नहीं हुआ।

इसके बाद जब पुलिस दल प्रथम तल के कमरों की तलाशी ले रहा था तो आतंकवादियों की एक टुकड़ी ने, जोकि बंकर में छिपे हुए थे, बंकर की गुप्त खिड़की से होकर जी० पी० एम० जी० और अन्य स्वचालित हथियारों से अचानक भारी गोलीबारी शुरू कर दी। तलाशी दलों ने तुरंत ही सीढ़ियों में और छत के ऊपर मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी की लेकिन आतंकवादियों द्वारा की गई प्रारंभिक गोलीबारी में पंजाब पुलिस के दो कार्मिक मारे गए और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों को गोलियां लगी। प्रथम तल पर गोली के लिए अनुकूल स्थिति में पहुंचने के लिए आतंकवादियों ने छत की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बढ़ने के कई प्रयास किए, लेकिन पुलिस दल द्वारा की गई प्रभावशाली जवाबी गोलीबारी से बचकर भाग निकलने के उनके सभी प्रयासों को नाकाम कर दिया। सर्वश्री सुरेश सिंह, हैड कांस्टेबल राम अवतार सिंह, नायक और परगट सिंह कांस्टेबल के साथ वी० पी० सिंह स्वयं छत की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर मोर्चा जमाकर बैठे क्योंकि यह एक अत्यंत संवेदनशील जगह थी और आतंकवादियों पर प्रभावकारी रूप से गोली चलाने के लिए अत्यंत अनुकूल थी। लगभग 12.00 बजे सुरजीत सिंह बेहली, बी० टी० एफ० के० (मनोचहल) का उप प्रमुख और मदन सिंह मद्दी अचानक सीढ़ियों पर प्रकट हुए और जी० पी०एम०जी० तथा ए० के०-47 राईफलों से गोलियां चलाते हुए ऊपर बढ़ने लगे और इन्होंने छत के ऊपर पहुंचने की कोशिश की। उनके प्रयासों को सर्वश्री वी० पी० सिंह, सुरेश सिंह, राम अवतार सिंह और परगट सिंह ने नाकाम कर दिया, जिन्होंने आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी की और उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। दोनों आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए श्री वी० पी० सिंह ने सीढ़ियों में एक हथगोला फेंका जिसके परिणामस्वरूप दोनों आतंकवादी मारे गए। इस मौके पर काका कांडियाला गांव में तनात और कुमुक तथा सेना की एक बटालियन भी गांव में पहुंच गई जिन्हें गांव की घेराबन्दी को मजबूत बनाने के लिए तैनात कर दिया गया। पूरी रात दोनों ओर गोलियां चलती रही जिसमें सेना का एक सिपाही मारा गया लेकिन आतंकवादियों द्वारा लगातार की जा रही गोलीबारी के बावजूद सर्वश्री वी० पी० सिंह, सुरेश सिंह, राम अवतार सिंह और परगट सिंह ने साहस नहीं खोया और सीढ़ियों को कवर करते हुए अपनी जगह डटे रहे तथा आतंकवादियों पर गोली चलाते रहे। अगले दिन 9-6-1992 की प्रातः ही सर्वश्री सुरेश सिंह, राम अवतार सिंह और परगट सिंह के साथ श्री वी० पी० सिंह ने दो स्थानों पर छत पर छेद किए और चार हथगोले अन्दर फैंके जिसके परिणामस्वरूप बाकी बचे सात आतंकवादी मारे गए। गोलीबारी के इस आदान-प्रदान में श्री परगट सिंह, कांस्टेबल के बाएं हाथ की तर्जनी और बीच की ऊंगलियां गोली लगने से घायल हो गई। एक या दो आतंकवादी जो अभी भी जिंदा थे सुरक्षा बलों पर छिट-पुट गोलियां चला रहे थे। इन आतंकवादियों को समाप्त करने के उद्देश्य से, छत के ऊपर मौजूदा कार्मिकों को नीचे आने का निदेश दिया गया जिसके बाद सेना द्वारा स्वचालित हथियारों एवं राकेट द्वारा भारी गोलीबारी की गई जिसने बाकी आतंकवादियों को शान्त कर दिया। इस मुठभेड़ में, जो लगभग 24 घन्टे चली, नौ आतंकवादियों की मौत हुई। इनके नाम हैं: सुरजीत सिंह—उर्फ सिपाही सिंह, मदन सिंह, सकत्तर सिंह, निरंजन सिंह, हरबंस सिंह, लखविंदर सिंह, करतार सिंह, अजीत सिंह और गुरदीप सिंह, जिनके कब्जे

से 3 ड्रम मैगजीन सहित एक जी० पी० एम० जी०, तीन मैगजीन सहित एक ए०के० 74 राइफल, तीन मैगजीन सहित तीन ए०के० 47 राइफलें, एक सी–3 राइफल, एक एम० एल० आर०, एक माउजर पिस्टल और एक 38 रिवाल्वर तथा भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री वी० पी० सिंह, उप कमांडेंट राम अवतार सिंह, नायक; सुरेश सिंह हैड कांस्टेबल तथा परगट सिंह, कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 8–6–1992 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं०42–प्रेज/94—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री वी० डी० टोकस,
कमांडेंट,
47 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री टी० एस० नेगी,
उप कमांडेंट,
47 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री श्री भगवान,
कांस्टेबल,
47 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री संजीव कुमार,
कांस्टेबल,
47 वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 3–2–1992 को जब श्री वी० डी० टोकस, कमांडेंट अपनी यूनिट की 5 कम्पनियों, जिनमें श्री टी० एस० नेगी, उप कमांडेंट, कांस्टेबल श्री भगवान और संजीव कुमार शामिल थे, जिला बारा मूला के गांव ओदाना, ग्रेन कमनपुरा और पारहासपुरा को घेराबन्दी, तलाशी के विशेष अभियान पर थे। उग्रवादियों द्वारा उन पर स्वचालित हथियारों से भीषण गोलीबारी की गई। अर्ध सैनिक बलों के जवानों ने जवाब में गोलियां चलाई और घेरा तोड़ने के उग्रवादियों के प्रयासों को विफल कर दिया। उग्रवादियों को जब बच कर भागने का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो वे गांव के एक घर में छिप गये।

उग्रवादियों की संख्या और उनके पास उपलब्ध गोली बारी की क्षमता का मूल्यांकन करके और यह सुनिश्चित करते हुए कि पुलिस कार्मिकों को अधिक नुकसान न हो श्री टोकस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिये एक कमान्डो दल का गठन किया और उसे गांव की तलाशी लेने का निर्देश दिया। पुलिस दल जैसे ही गाँव ओदाना के श्री गुलाम रसूल नामक व्यक्ति के घर की ओर पहुंचा तो पुलिस दल पर उग्रवादियों द्वारा भारी गोली बारी की गई। सैनिकों ने तुरन्त घर को घेर लिया और रक्षात्मक मोर्चा संभाला तथा संयम पूर्ण ढंग से गोली बारी करके उग्रवादियों को उनहाये रखा ताकि निर्दोष नागरिक हताहत न हो। गम्भीर और जोखिम पूर्ण स्थिति को देखते हुए, श्री टोकस ने स्थिति का जायजा लिया और एक सहायक कदम के रूप में, वे श्री नेगी, उप कमांडेंट, कांस्टेबल श्री भगवान और संजीव कुमार के साथ घर के पिछले द्वार को तोड़कर घर के अन्दर घुस गये, जिससे उग्रवादी भौचक्के हो एग और हैरानी में पड़ गये क्योंकि बाहरी घेरे जवानों ने गोलियां चलाकर उनका ध्यान बंटाने के लिये व्यस्त रखा था। उग्रवादियों ने रक्षात्मक मोर्चा संभाला और श्री टोकस और उनके दल पर गोलियां चलाई जो पिछले दरवाजे से घुस आये थे। श्री टोकस ने भी श्री नेगी, श्री भगवान और संजीव कुमार के साथ मोर्चा सम्भाला और उग्रवादियों को आत्म–समर्पण करने के लिये ललकारा। उग्रवादियों ने श्री टोकस की चेतावनी की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया, और पुलिस दल पर गोलियां चलाते रहे। स्थिति को काफी गम्भीर देखते हुए श्री टोकस ने, श्री नेगी, और कांस्टेबल श्री भगवान और कांस्टेबल श्री संजीव के साथ अत्यन्त कठोर निर्णय लिया और उग्रवादियों को ललकारते हुए उनके मोर्चे की तरफ लपके और वीरता पूर्ण ढंग से उन पर झपट पड़े और सभी नो खूंखार उग्रवादियों को पकड़ लिया जिनमें दो एरिया कमांडर और एक जिला मीर शामिल था। उग्रवादियों से मैगजीन सहित तीन ए० के० 56 राइफलें तथा उसके 99 राउण्ड गोला बारूद सहित 9 कि० मी० की दो पिस्तौल, मैगजीन सहित .32 बोर की पिस्तौल, दो हथगोले तथा एक बम बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री वी० डी० टोकस, कमांडेंट, टी० एस० नेगी, उप कमांडेंट, श्री भगवान, कांस्टेबल और संजीव कुमार कांस्टेबल, ने उत्कृष्ट वीरता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के लिये 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं। तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 3–2–1992 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक,

सं० 43-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री यू० के० नयाल,
सहायक कमांडेंट,
76वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

12/13 फरवरी, 1991 के बीच की रात को कुपवाड़ा के चलगुंडगांव में कुछ कट्टर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सीमा सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट श्री उमेश कुमार नयाल को, विशेष गश्ती दल का नेतृत्व करने का कार्यभार सौंपा गया । श्री नयाल की कमान में एक सूबेदार इंस्पैक्टर और 24 अन्य पदाधिकारियों वाला एक दल लगभग 2230 बजे बटालियन मुख्यालय से जलगुंड गांव के इलाके की ओर चल पड़ा । जब यह दल, रेजीपुरा पुल के नजदीक पहुंचा तो रेजीपुरा पुल से जिलाधीश कार्यालय वाले पुल तक के क्षेत्र में घात लगा रहे आतंकवादियों द्वारा उस दल पर गोली चलाई गई । आतंकवादियों द्वारा गश्ती दल पर असाल्ट राईफलों से भारी मात्रा में गोलीबारी की गई । ऐसी नाजुक स्थिति में श्री नयाल ने अपना धैर्य नहीं खोया और अपनी टुकड़ी को सुनियंत्रण में रखकर अति उत्तम नेतृत्व का परिचय दिया और आतंकवादियों पर गोलीबारी करते हुए घात स्थल पर धावा बोला । तथापि आतंकवादियों का हमला जारी रहा । श्री नयाल ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने एक जवान की एल० एम० जी० लेकर स्वयं घात लगाते हुए आतंकवादियों की ओर बढ़े । श्री नयाल के इस साहसिक कार्य के परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहीदीन से संबंधित 4 कट्टर आतंकवादी मारे गए । तथापि अन्य आतंकवादी पीछे हट गए और अंधेरे की आड़ में भाग निकले और वहां भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद छोड़ गए । बाद में, मारे गए आतंकवादियों की, अब्दुल अहमद तन्त्रेय, बशीर अहमद, शौकत अली और चीफ एरिया कमांडर असदुल्लाह के रूप में शिनाखत की गई । तलाशी के दौरान घात स्थल से दो यू० एम० जी०, 1 राकेट लांचर, 9 ए० के० 47 राइफलें, 2 नाइट साइट यू० एम० जी०, 4 रोकेट, 7 हथगोले और भारी मात्रा में गोला बारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में श्री नयाल, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 13 फरवरी, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 44-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री रघुबीर सिंह,
निरीक्षक,
76 बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया है ।

दिनांक 15-8-1991 को लगभग 0730 बजे उग्रवादियों के (500-600) ने, एस० बी० आई० टाऊन हाल, माईक्रोवेव स्टेशन और डिग्री कालेज, सोपोर स्थित सीमा सुरक्षा बल की चौकियों पर साथ-साथ हमला किया । उन्होंने चौकियों के इर्द-गिर्द उन सभी भवनों और मकानों पर कब्जा किया हुआ था जिन्हें उग्रवादियों के निर्देशों के अन्तर्गत लोगों ने खाली कर दिया था । उग्रवादियों ने सभी चौकियों पर मशीनगन, छोटे शस्त्र, रोकेट और हथगोले भारी मात्रा में रखे । उग्रवादियों न एस० बी० आई० स्थित पलाटून चौकी को विध्वंशकारी हमले के लिए चुना और पलाटून पर सांघातिक हमला किया लगभग 10-00 बजे, एस० बी० आई० के सामने के बंकर पर तैनात 5 कार्मिक, गोलियों और हथगोलों के टुकड़ों से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । चौकी के प्रभारी ने, जख्मी कार्मिकों को तत्काल ले जाने और चौकी पर न दबाव को कम करने के लिए कुमुक भेजने का अनुरोध किया ।

सीमा सुरक्षा बल की अन्य चौकियों और एस० बी० आई० चौकी को जाने वाले सभी रास्तों पर इतनी अधिक गोलीबारी हो रही थी कि कुमुक/बचाव दल का आगे बढ़ना लगभग असंभव था । इस अत्यन्त जोखिम भरे कार्य के लिए रघुबीर सिंह, निरीक्षक आगे आये, और उग्रवादियों का सफाया करते हुए और स्ट्रीट-फाइटिंग में उन्हें पराजित करते हुए वाधा-भाटपोरा पत्र की गलियों से अपने दल को ले गए । जब श्री रघुबीर सिंह अपने दल के आगे चल रहे थे तो अचानक, विपरीत दिशा में जा रहे पांच उग्रवादियों के एक ग्रुप के सामने आ गए । उग्रवादियों ने रघुबीर सिंह, निरीक्षक और उसके दल पर गोलियां चलायीं श्री रघुबीर सिंह ने अदम्य साहस और प्रशंसनीय बुद्धिमत्ता से अपनी ए० के०-47 राइफल से गोलियां चलायीं और सभी पांचों उग्रवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया ।

कांस्टेबल, योगेश कुमार यादव ने भी, एस० बी० आई० चौकी में सीमा सुरक्षा बल के घायल कार्मिकों को निकालने के लिए अपनी सेवाएं अर्पित की। एस० बी० आई० चौकी को बुलटप्रूफ वाहन भेजे गए, जिन पर चौकी के सामने भारी गोलीबारी की गयी। उग्रवादियों की गोलीबारी इतनी अधिक प्रभावकारी थी कि बुलटप्रूफ वाहनों में बैठे कार्मिक बाहर नहीं आ सके लेकिन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए कांस्टेबल यादव गम्भीर खतरे के बावजूद वाहन से बाहर कूद पड़े और जख्मी कार्मिकों को उठाने के लिए उन्होंने बंकर में छलांग लगा दी। इस कार्रवाई में उनके सिर पर एक गोली लगी और वे घटनास्थल पर ही मारे गए।

कांस्टेबल, देवेन्द्र सिंह, जो० एस० बी० आई० चौकी के बंकर में थे, चारों तरफ से हो रही गोलियों की बौछार की बिल्कुल परवाह न करते हुए अपनी एल० एम० जी० से उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उन्हें दूर रखा। लगभग 10.00 बजे उग्रवादियों ने एक हथगोला फैंका, जो बंकर के अन्दर गिरा, जिससे पलाटून कमान्डर और बंकर के अन्दर तैनात तीन अन्य कार्मिक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। इस गम्भीर विपत्ती के बावजूद, कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह ने साहस नही छोड़ा और अत्याधिक धैर्य का परिचय दिया, उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उन्हें स्थिति का फायदा नहीं उठाने दिया। कुछ समय बाद उनके सिर पर एक उग्रवादी की गोली लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। कुमुक पहुंचने के बाद उन्हें बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया, जहां 16-8-91 को उनकी मृत्यु हो गयी। इस मुठभेड़ में गोलीबारी के दौरान कुल 9 उग्रवादी मारे गए जिनमें से 5 उग्रवादी रघुबीर सिंह, निरीक्षक द्वारा मारे गए। इस मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल के कुल 9 कार्मिक गोली लगने से जख्मी हुए और दो कांस्टेबल मारे गए।

इस मुठभेड़ में रघुबीर सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15-8-1991 से दिया जाएगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 45-प्रेज 94—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री याद राम,
उप-निरीक्षक,
161वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल,

श्री प्रेम लाल,
कांस्टेबल,
161वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

उप-निरीक्षक याद राम और उसकी प्लाटून (कांस्टेबल प्रेम लाल सहित), उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा 4, 5 मई, 1992 को किए गए संयुक्त अभियान का एक हिस्सा थी। प्लाटून, रिजर्व बल का एक हिस्सा थी और बरिया मुजाहल्ला में स्थित थी। उत्तर प्रदेश पुलिस गुज्जर झाला के नजदीक थी, उनकी आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई उनमें से एक को मार दिया। तथापि उत्तर प्रदेश के कांस्टेबल कृष्णा उपाध्याय को जख्मी करने के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए।

5 मई, 1992 को लगभग 0600 बजे, याद राम उप-निरीक्षक के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल प्लाटून को जंगल की तरफ कूच करने का आदेश दिया गया। याद राम, उप-निरीक्षक और उसके दल ने वन क्षेत्र में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देख और ललकारने पर उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से दल पर गोलियां चलायी। इस अचानक हमले से विचलित न होते हुए, याद राम, उप-निरीक्षक और प्रेमलाल कांस्टेबल दृढ़ निश्चय के साथ और अपनी व्यक्तिगत जीवन की परवाह न करते हुए रेंगते हुए आतंकवादियों की तरफ बढ़े। उन्होंने अपने शस्त्रों से अचूक गोलीबारी करके उग्रवादियों को प्रभावकारी ढंग से उलझाया। आतंकवादियों ने अपनी स्थिति बदली और सीमा सुरक्षा बल पार्टी पर दूसरी बार हमला किया। याद राम, उप-निरीक्षक और प्रेम लाल, कांस्टेबल चमत्कारी रूप से बच गये। एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही। अचानक एक चीख सुनाई दी और आतंकवादियों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गयी। क्षेत्र की तलाशी लेने पर गोलियों से छलनी एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ, जिसकी शिनाख्त बाद में यदुवेन्द्र सिंह उर्फ यादू एक कुख्यात आतंकवादी के रूप में की गयी। उसके सिर पर 40,000 रुपये का इनाम था। तलाशी के दौरान मृतक आतंकवादी से एक ·455 रिवाल्वर दोनाली स्काट, एक हथगोला एक स्टीम ग्रेनेड, बड़ी संख्या में सक्रीय खाली कारतूस, 46,000 रुपये की भारतीय मुद्रा और अफीम और स्मेक का एक पैकेट बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री याद राम, उप-निरीक्षक और प्रेम लाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक राष्ट्रपति पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा

फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 मई, 1992 से दिया जायेगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 46-प्रेज 94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सूबे सिंह,
नायक,
36वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

स्थानीय सैनिक गठन (फार्मेशन) से एक सूचना प्राप्त हुई कि हिजबुल मुजाहिदीन के 10 आतंकवादियों का एक दल सीमा सुरक्षा बल की 36वीं बटालियन के प्रचालन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली नियंत्रण रेखा को पार कर रहा है । इस पर सीमा सुरक्षा बल की सभी चौकियों को सतर्क कर दिया गया ।

12/13 सितम्बर, 1991 के बीच की रात में करीब 0500 बजे, चंदन खाल चौकी पर सीमा सुरक्षा बल के सूबेदार द्वारा, नायक सूबे सिंह और एक कांस्टेबल सहित, घात लगाई गई । उन्होंने, पाकिस्तान की ओर से घात-स्थल की ओर आ रहे शस्त्रों से लैस 15 आतंकवादियों की गतिविधि को देखा । घात दल ने आतंकवादियों को ललकारा जिस पर आतंकवादियों ने घात दल पर गोलियां चलाईं । घात दल ने आत्म-रक्षा ब जवाबी गोलियां चलाईं । उनमें से कुछ आतंकवादियों को भागते हुए देखा गया, जिन्हें नायक सूब सिंह द्वारा फिर से ललकारा गया । अपने साहसपूर्ण कार्य में उन्होंने, आतंकवादियों की गोली के सामने होने के बावजूद तथा अपनी जान की परवाह किए बिना साहसिकतापूर्ण ढंग से आतंकवादियों पर गोलियां चलाईं और उनका मुंह बन्द कर दिया।

उसके बाद एक सूबेदार के अधीन सुव्यस्थित तलाशी अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान नायक पांडेय ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और सशस्त्र आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया। हथियार और गोला बारूद सहित तीन आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया । तलाशी के दौरान पांच आतंकवादियों के शव बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री सूबे सिंह नायक ने अदम्य वीरता साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अनर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 13 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 47-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री पुरूषोत्तम सिंह धीमन,
उप-कमांडेंट,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री गुरदयाल सिंह
सूबेदार,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :—

दिनांक 12 दिसम्बर, 1991 को सूचना प्राप्त हुई कि उग्रवादी लिटटर के क्षेत्र में एकत्र हो रहे हैं । एक विशेष घेराबंदी और छापा मारने की योजना बनायी गयी । बल को तीन ग्रुपों में विभाजित किया गया । दो ग्रुपों ने गांव को घेरा और श्री पी० एस० धीमन, सहायक आयुक्त (अब उप-आयुक्त) के नेतृत्व में तीसरा ग्रुप सूबेदार गुरदयाल सिंह और अन्य कार्मिकों के साथ छिपने के संदिग्ध स्थान पर छापा मारने के लिए आगे बढ़ा । सूबेदार गुरदयाल सिंह और उसकी पार्टी को अब्दुल रहमान वानी के मकान को घेरने और छापा मारने का कार्य सौंपा गया, जो छिपने का एक संदिग्ध स्थान था । जब सूबेदार गुरदयाल सिंह घर की तलाशी लेने आगे बढ़े तो उन्होंने दरवाजा नही खोला यह महसूस करते हुए कि घर में कुछ असामान्य है, श्री गुरदयाल सिंह ने स्थिति के बारे में श्री धीमन को सूचित किया । इस पर श्री धीमन ने अन्य पार्टियों को घर घेरने का आदेश दिया । उसके बाद श्री धीमन घर की ओर बढ़े और घर मे रह रहे व्यक्तियों को चेतावनी दी कि यदि घर के अन्दर से गोली चली तो सीमा सुरक्षा बल की पार्टियों द्वारा प्रभावी जवाबी गोलीबारी की जायेगी । यह सुनिश्चित करने के बाद कि सभी एहतियाती कदम उठाए गए हैं, सर्वश्री धीमन और गुरदयाल सिंह ने, द्रुत गति से एक खिड़की तोड़कर घर के अन्दर छलांग लगायी, जिससे उग्रवादी आश्चर्यचकित हो गए और सभी

9 उग्रवादियों ने किसी मुकाबले के बिना, आत्म-समर्पण कर दिया ।

पकड़े गए उग्रवादियों से पूछताछ करने पर, उनमें से एक ने बताया कि पंचगम क्षेत्र में शस्त्र/गोला बारूद दबाए हुए हैं । सूबेदार गुरदयाल सिंह के नेतृत्व में एक ग्रुप को उस क्षेत्र में भेजा गया और पार्टी ने एक राकेट लाऊंचर, 3 पिस्तौल/रिवाल्वर, 1 साईट राकेट लाऊंचर, 1 राकेट बूस्टर, 16 हथगोले और बड़ी संख्या में गोला बारूद बरामद किया ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री पुरूषोतम सिंह धीमन, उप कमांडेंट और गुरदयाल सिंह, सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 दिसम्बर, 1991 से दिया जायेगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 48-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुरिन्दर कुमार सेठ,
कामांडेंट,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

निल्लूरा और लिस्तर क्षेत्रों में कुछ उग्रवादियों की गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर एक उप-निरीक्षक के नेतृत्व में गश्त लगाने वाला एक विशेष दल 1 सितम्बर, 1991 को करीब 1200 बजे उग्रवादियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए भेजा गया । जब के उप-निरीक्षक घुमान के नेतृत्व वाली एक प्लाटून ने गांव निल्लूरा को पार किया तो उन पर धान के खेत और ऊंचे मैदान से उग्रवादियों द्वारा भारी गोला-बारी की गई । सीमा सुरक्षा बल के दल ने तुरन्त मोर्चा संभाला और आत्म रक्षा में तुरंत जवाबी गोली-बारी करते हुए धान के खेतों में से उग्रवादियों के मोर्चे की ओर युक्तिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ते रहे ।

उप-निरीक्षक घुमान के नेतृत्वाधीन वाले दल को उग्रवादियों ने भारी गोली-बारी करके बिल्कुल भी हिलने डुलने नहीं दिया और इस प्रक्रिया में कांस्टेबल सुप्रिया सोरांग को गोली लगी । दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक उग्रवादी मारा गया । उसके बाद, उग्रवादियों की अधिक संख्या को देखते हुए उप-निरीक्षक घुमान ने कुमुक बुलाने के लिए संदेश फ्लैश कर दिया । उन्होंने कमांडेंट एस० के० सेठ को यह भी सूचित किया कि उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी को सभी ओर से घेर लिया है तथा घायल हुए कांस्टेबलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना कठिन है ।

तुरन्त श्री सेठ घटनास्थल के लिए एक कंपनी और एम० एम० जी० डिटैचमैंट और चिकित्सा अधिकारी सहित रवाना हो गये । जिस समय पुलिस दल निल्लूरा जाने वाले मार्ग पर था, तो गांव लासीपुरा के निकट उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया । श्री सेठ एक प्लाटून सहित तुरन्त आगे बढ़े, और नियमित गोली-बारी करते हुए उग्रवादियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया । तत्पश्चात, श्री सेठ ने बल का नेतृत्व किया और गांव निल्लूरा पहुंच गए । वहां पहुंचने पर, कमांडो प्लाटून और एम० एम० जी० डिटैचमैंट सहित श्री सेठ ने उग्रवादियों पर गोली-बारी की । जिस समय वे कीचड़ भरे धान के खेतों से होते हुए आगे बढ़ रहे थे, तो उग्रवादियों द्वारा श्री सेठ पर गोलियां चलाई गई परन्तु सौभाग्यवश वे सुरक्षित बच निकले । श्री सेठ ने तुरन्त अपनी ए० के०-47 राईफल से जवाबी गोली-बारी की और एक उग्रवादी को वहीं मार गिराया और उसकी राईफल जब्त कर ली ।

घटनास्थल पर पहुंच कर श्री सेठ ने उग्रवादियों की गोली-बारी के बीच में से घायल कांस्टेबल को बाहर निकाल कर सैनिक हस्पताल, श्रीनगर, पहुंचाया । इसी दौरान, गांव लिस्तर के निकट राम बिहारा बंध के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल पर भारी गोलीबारी की गई । उप-निरीक्षक घुमान के पास एक प्लाटून और एम० एम० बी० डिटैचमैंट को छोड़ श्री सेठ दो प्लाटूनों सहित वहाँ के लिए रवाना हो गए । कुमक बल को देखकर उग्रवादी हड़बड़ा गए और अगलार की ओर बचकर भागने की कोशिश करने लगे । दो ए० के०-56 राईफलें वहां छोड़ कर वे भाग गए जिन्हें सीमा सुरक्षा बल ने बरामद किया । अपनी निजी सुरक्षा की चिंता किए बिना श्री सेठ अपने बलों का नेतृत्व करते हुए गांव अगलार के टीले की ओर बढ़ते रहे । दोनों ओर से भारी गोलीबारी के दौरान तीन और उग्रवादी मारे गए जिनके शवों को अन्य उग्रवादियों द्वारा अगले टीले तक खींच कर ले जाते हुए देखा गया । इस मुठभेड़ में कुल मिला कर 11 उग्रवादी (पुलवामा जिले के एम० एम० का जिला कमांडर खूंखार उग्रवादी अब्दुल रशीद बख्शी सहित) मारे गए । खोजबीन के दौरान बड़ी मात्रा में शस्त्र और गोला बारूद तथा उग्रवादियों की गतिविधियों से संबंधित बहुमूल्य दस्तावेज बरामद किए गए और 39 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

इस मुठभेड़ में श्री सुरिन्दर कुमार सेठ, कमांडेंट, ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फल-स्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 सितम्बर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 6 मई 1994

सं० 49-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री राम कुमार,
सूबेदार,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री दलीप कुमार सिंह,
कांस्टेबल,
142वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 14 अक्तूबर, 1991 को ध्रुवगांव जिला पुलवामा, सार्वजनिक क्षेत्र में उग्रवादियों के उपस्थित होने की सूचना प्राप्त हुई । उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सूबेदार रामकुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल दिलीप कुमार सिंह सहित एक दल प्रतिनियुक्त किया गया । करीब 0900 बजे जब दल बद्रीनाथ वाक की ओर बढ़ रहा था तो सूबेदार रामकुमार ने ध्रुवगाम गांव के धान के खेतों में उग्रवादियों की गति-विधियां देखी । उग्रवादियों को घेरने के लिए दो विभिन्न दिशाओं से उग्रवादियों की तरफ बढ़ने के लिए उन्होंने तुरन्त अपने दल को दो टुकड़ियों में विभाजित किया । सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी को अपनी ओर बढ़ते देख उग्रवादियों ने भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी । कांस्टेबल डी० के० सिंह और एक अन्य कांस्टेबलों के साथ सूबेदार रामकुमार "आगे बढ़ो और गोलियां चलाओ" की युक्ति अपनाते हुए उग्रवादियों की ओर बढ़े । यह देख-कर उग्रवादी तीन विभिन्न दिशाओं में भागने लगे और रेमुशी नाला पार करके दूसरी तरफ मोर्चा संभाला तथा सूबेदार राम कुमार और उनके दल पर पुन: गोलियां चलाने लगे । उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच सूबेदार राम कुमार अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना आगे बढ़ते गए और एक उग्रवादी को मार गिराया ।

इस दौरान, कांस्टेबल डी० के० सिंह अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों की ओर बढ़ते गए । विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने निजी शस्त्र से गोली चला कर एक उग्रवादी को मार गिराया ।

सूबेदार राम कुमार और उनके दल ने उग्रवादियों का पीछा करना जारी रखा जिन्होंने एक टीले पर मोर्चा ले लिया था और जो उनके दल पर गोलियां चला रहा था । जब तक कि कुमुक वहां पहुंचती और उग्रवादियों का पीछा करने में सूबेदार राम कुमार का साथ देती, तब तक उन्होंने एक अन्य उग्रवादी को घटना स्थल पर ही मार गिराया । साढ़े तीन घंटे तक दोनों ओर से गोलियां चलती रही । उसके बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई । उग्र-वादियों के चार शव बरामद किए गए जिनकी पहचान (1) अब्दुल रहीम शेख, (क) गुलाम मोहम्मद देर, (3) नजीर अहमद भट्ट (4) मोहम्मद शफी भट्ट के रूप में की गई । वे लूटपाट करने, सुरक्षा बलों पर अक्रमण करने और निर्दोषों व्यक्तियों की हत्या करने के कई मामलों के लिए जिम्मेदार थे । अब्दुल रहीम शेख नामक उग्रवादी हिजबुल मुजाहिद्दीन का पारखपोरा क्षेत्र का एरिया कमांडर था । तलाशी के दौरान मुठभेड़ स्थल से तीन ए० के० 56 राईफलें, 12 मैगजीन, 4 हथगोले और ए० के०-56 राईफल के 238 राउण्ड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री राम कुमार सूबेदार और दलीप कुमार सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 अक्तूबर, 1991 से दिया जाएगा ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 50-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री कपूर सिंह,
लांस नायक,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल,

श्री जगदेव सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल ड्राईवर,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री सुधाकर सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री राम बाबू,
कांस्टेबल,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

तीन वाहनों के एक कारवां को 18 सितम्बर, 1991 को बटालियन मुख्यालय से जगूखरियान को प्रशासनिक ड्यूटी पर तैनान किया गया । लगभग 10 45 बजे एक ट्रक को विपरीत दिशा से आते हुए देखा गया । जैसे ही ट्रक, कारवां के पास से गुजरा, इसके अन्दर बैठे उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की । आगे चल रहे वाहन ने गति तेज की और आड़ ले ली । उसके बाद ट्रक थोड़ा मुड़ा और सड़क को ब्लाक कर दिया जिसके परिणाम-स्वरूप दूसरे वाहन को गांव रायथन के नजदीक रुकना पड़ा । आतंकवादियों के हमले के कारण, सीमा सुरक्षा बल के कार्मिक वाहन से तुरन्त नीचे कूदे और मौर्चा संभाला और आत्म रक्षा में जवाबी गोलियां चलायी । लांस नायक कपूर सिंह ने सड़क के किनारे एक मकान के नजदीक मौर्चा संभाला । उग्रवादियों ने उसे देख लिया और उन्होंने उस पर भारी गोलीबारी की और उसे अपना मौर्चा बदलने के लिए मजबूर कर दिया वे वहां से हट गए और एक घर के छत पर मौर्चा संभाला । उन्होंने उग्रवादियों पर गोलियां चलायी और उन्हें अपने स्थान से हिलने नहीं दिया । वे एक उग्रवादी को मारने में सफल हो गए ।

चूंकि पहला हमला बीच के वाहन पर हुआ, जिसमे कांस्टेबल/ड्राईवर जगदेव सिंह पेट में गोली लगने से जख्मी हो गए और उग्रवादियों की गोलियों से वाहन भी क्षति ग्रस्त हो गया । भीषण गोलीबारी से विचलित हुए बिना वे अपने वाहन को नाका-स्थल बीच से ले गए और इसे सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया और इस प्रकार से उसने अपने साथियों के प्राण बचाये । अपनी निजी सुरक्षा और जख्मों की परवाह न करते हुए, श्री जगदेव सिंह ने मोर्चा संभाला और एक उग्रवादी को नजदीक से गोली चलाकर मार दिया । वे उग्रवादियों की गोलियों का सामना करते रहे और अन्ततः जख्मों के कारण दम तोड़ दिया । कांस्टेबल सुधाकर सिंह भी वाहन से कूद पड़े तथा अनुकूल स्थान पर मोर्चा संभाला और जवाबी गोलीबारी की । श्री सिंह ने बड़ी बहादुरी से उग्रवादियों की गोलियों का जवाब गोलियों से दिया और एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए और अपने साथियों के बचाव में गोलियां चलाई इस कार्रवाई में उनकी छाती में गंभीर जख्म हो गए । जख्मी होने के बावजूद, विचलित हुए बिना वे उग्रवादियों के साथ दृढ़तापूर्वक लड़ते रहे और एक उग्रवादी को जख्मी करने में कामयाब हो गए । बाद में अस्पताल जाते हुए, श्री सुधाकर सिंह ने जख्मों के कारण रास्ते में दम तोड़ दिया ।

कांस्टेबल, रामबाबू जो कारवां में बीच के वाहन में, जिस पर उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की, मार्गरक्षण ड्यूटी पर थे, कूद पड़े और एक मकान की छत पर मोर्चा संभाला और उग्रवादियों को भागने नहीं दिया । जब वे मोर्चा संभाल रहे थे तो उनके पेट पर गोली लगी और वे जख्मी हो गए । इसके बावजूद वे उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उन पर दबाव बनाए रखा । उन्होंने देखा कि एक उग्रवादी मोर्चा लेने का प्रयास कर रहा है इसलिए उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और उग्रवादी पर नजदीक से गोली चलाकर उसे मार गिराया ।

तीन घंटे तक भारी गोलीबारी होती रही । दोनों ओर से गोलीबारी में कुल सात आदमी मारे गए जिनमें से 5 उग्रवादी थे । बाद में मृतक आतंकवादियों की शिनाख्त (1)बशीर अहमद रेशी (2)नजीब अहमद शयर (3) खुर्शीद अहमद मीर (4) शबीर अहमद शा और (5) गुलाम हसन बानी के रूप में की गयी । पुलिस अधीक्षक बडगाम द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि "चूंकि मृत्यु के कारण स्पष्ट है अतः विस्तृत शव-परीक्षा नहीं की गयीं" । शवों की जांच डा० दूरसाद मेडिकल आफिसर जिला अस्पताल बडगाम, द्वारा की गयी ।

तलाशी के दौरान, मुठभेड़ के स्थान से 7 ए०के० 56 राईफलें, चीन निर्मित एक पिस्तौल, 19 ए०के० मैगजीन, 2 हथगोले और बड़ी संख्या में गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस मुठभेड़ मे सर्वश्री कपूर सिंह, लास नायक जगदेव सिंह, कांस्टेबल/ड्राईवर, सुधाकर सिंह, कांस्टेबल और राम बाबु, कास्टेबल ने अदम्य बीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) अंतर्गत बीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 18 सितम्बर, 1991 से दिये जायेंगे ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 51-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राकेश कुमार,
कास्टेबल,
195वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

16 फरवरी, 1992 को, 195वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल द्वारा यूनिट की एक कमाण्डो बटालियन सहित चार प्लाटूनों के साथ गांव हरिल और आशपुर के क्षेत्रों में एक विशेष अभियान चलाया गया। लगभग 14.20 बजे जब दल अपने लक्षित स्थान की ओर बढ रहा था तो कांस्टेबल राकेश कुमार ने कुछ आतंकवादियों की गतिविधियां देखी जो एक टीले पर मोर्चा संभाले हुए थे। कांस्टेबल राकेश कुमार ने तुरन्त स्थिति का जायजा लिया, अपने साथियों को संकेत भेजा और एक कांस्टेबल के साथ उग्रवादियों की तरफ बढे। जब आतंकवादियों ने उसे बेरोकटोक अपनी तरफ बढते देखा तो उन्होंने स्वचालित हथियारों से पुलिस कार्मिकों पर भारी गोलीबारी की। इसके बावजूद कांस्टेबल राकेश कुमार विचलित नहीं हुए और तुरन्त नजदीक के एक नाले में कूद पड़े, मोर्चा सम्भाला और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलायी और पुनः उग्रवादियों का पीछा करना शुरू किया। वे तब तक उनका पीछा करते रहे जब तक वे 20 गज़ की दूरी पर न आ गए। गोलीबारी और कठिन पहाड़ी रास्तों की परवाह न करते हुए वे एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मारने में सफल हो गए। तथापि अन्य उग्रवादी पहाड़ी क्षेत्र, नालो और घने जंगल की आड़ में भागने में सफल हो गए। मृतक आतंकवादी की शिनाख्त बाद में फारूख अहमद के रूप में की गयी। तलाशी के दौरान उग्रवादी से एक ए० के०-56 राइफल, ए० के० 56 के तीन राउंड गोला बारूद के साथ एक मैगजीन बरामद की गयी।

इस मुठभेड़ में श्री राकेश कुमार, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2 यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 16 फरवरी, 1992 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 52-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री योगेश कुमार यादव, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
76वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री देवेन्द्र सिंह, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
76वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 15-8-1991 को लगभग 0730 बजे उग्रवादियों (500-600) ने, एस० बी० आई०, टाउन हाल, माईक्रोवेव स्टेशन और डिग्री कालेज, सोपोर स्थित सीमा सुरक्षा बल की चौकियों पर साथ-साथ हमला किया। उन्होंने चौकियों के ईर्द-गिर्द उन सभी भवनों और मकानों पर कब्जा किया हुआ था जिन्हें उग्रवादियों के निर्देशों के अन्तर्गत लोगों ने खाली कर दिया था। उग्रवादियों ने सभी चौकियों पर मशीनगन, छोटे शस्त्र, राकेट और हथगोले भारी मात्रा में रखे। उग्रवादियों ने एस० बी० आई० स्थित पलाटून चौकी को विध्वंसकारी हमले के लिए चुना और पलाटून पर घातक हमला किया। लगभग 10.00 बजे एस० बी० आई० के सामने के बंकर पर तैनात 5 कार्मिक, गोलियों और हथगोलो के टुकड़ो से गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। चौकी के प्रभारी ने, जख्मी कार्मिकों को तत्काल ले जाने और चौकी पर से दबाव को कम करने के लिए कुमुक भेजने का अनुरोध किया।

सीमा सुरक्षा बल की अन्य चौकियों और एस० बी० आई० चौकी को जाने वाले सभी रास्तें पर इतनी अधिक गोलीबारी हो रही थी कुमुक/बचाव दल को आगे बढ़ना लगभग असम्भव था। इस अत्यन्त जोखिम भरे कार्य के लिए रघुवीर सिंह, निरीक्षक आगे आये, और उग्रवादियों का सफाया करते हुए और स्ट्रीट-फाईटिंग में उन्हें पराजित करते हुए, बाधा-घटपोरा क्षेत्र की गलियों से अपने दल को ले गये। जब श्री रघुवीर सिंह अपने दल के आगे चल रहे थे तो वे अचानक, विपरीत दिशा से आ रहे पाच उग्रवादियों के ग्रुप के सामने आ गये। उग्रवादियों ने रघुवीर सिंह, निरीक्षक और उसके दल पर गोलियां चलायीं श्री रघुवीर सिंह ने अदम्य साहस और प्रशंसनीय बुद्धिमत्ता से अपनी ए० के०-47 राईफल से गोलियां चलायी और सभी पांचों उग्रवादियों को घटनास्थल पर ही मार गिराया।

कान्स्टेबल योगेश कुमार यादव ने भी, एस० बी० आई० चौकी से सीमा सुरक्षा बल के घायल कार्मिकों को निकालने के लिए अपनी सेवाएं अर्पित की। एस० बी० आई० चौकी

को बुलेटप्रूफ वाहन भेजे गए, जिस पर चौकी के सामने भारी गोलीबारी की गयी। उग्रवादियों की गोलीबारी इतनी अधिक प्रभावकारी थी कि बुलेटप्रूफ वाहनों में बैठे कार्मिक बाहर नहीं आ सके लेकिन अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए कांस्टेबल यादव गंभीर खतरे के बावजूद वाहन से बाहर कूद पड़े और जख्मी कार्मिकों को उठाने के लिए उन्होंने बंकर से छलांग लगा दी। इस कार्यवाही में उनके सिर पर एक गोली लगी और वे घटनास्थल पर ही मारे गये।

कांस्टेबल, देवेन्द्र सिंह, जो एस० बी० आई० चौकी के बंकर में थे, चारों तरफ से हो रही गोलियों की बौछार की बिल्कुल परवाह न करते हुए अपनी एल० एम० जी० से उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उन्हें दूर रखा। लगभग 20.00 बजे उग्रवादियों ने एक हथगोला फैंका, जो बंकर के अन्दर गिरा, जिससे पलाटून कमांडर और बंकर के अन्दर तैनात तीन अन्य कार्मिक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। इस गम्भीर विपत्ति के बावजूद, कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह ने साहस नहीं छोड़ा और अत्यधिक धैर्य का परिचय दिया, उग्रवादियों पर गोलियां चलाते रहे और उन्हें स्थिति का फायदा नहीं उठाने दिया। कुछ समय बाद उनके सिर पर उग्रवादी की गोली लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। कुमुक पहुंचने के बाद उन्हें बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया, जहां 16-8-1991 को उनकी मृत्यु हो गयी। इस मुठभेड़ में गोलीबारी के दौरान कुल 9 उग्रवादी मारे गए जिनमें से 5 उग्रवादी रघुवीर सिंह, निरीक्षक द्वारा मारे गए। इस मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल के कुल 9 कार्मिक गोली लगने से जख्मी हुए और दो कांस्टेबल मारे गये।

इस मुठभेड़ में श्री वाई० के० यादव, कांस्टेबल और श्री देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 15-8-1991 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 53-प्रेज/94—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री नीलमणी शर्मा,
उप निरीक्षक,
76वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

दिनांक 30 अक्तूबर, 1991 को करीब 2330 बजे उप निरीक्षक नीलमणि शर्मा के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल की, 36वीं बटालियन वाली एक कमांडो पार्टी ने वारापुर गांव में छापा मारने के लिये बटालियन मुख्यालय से कूच किया। डेलिन सिंगापुर चौराहे पर 10 कार्मिकों की सुरक्षा के अधीन वाहनों को खड़ा करने के बाद, वे पैदल आगे बढ़े। जैसे ही पार्टी चौराहे के नजदीक पहुंची, उन पर उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। श्री शर्मा ने स्थिति का जायजा लिया, और पार्टी के कार्मिकों को पोजीशन लेने और आत्म रक्षा में गोली का जवाब गोली से देने का आदेश दिया। एक उप निरीक्षक और एक कांस्टेबल सहित श्री शर्मा अपनी जान की परवाह न करते हुए, आंतकवादियों की तरफ से भारी गोलाबारी के बावजूद उन पर गोलियां चलाते रहे। जैसे ही श्री शर्मा आंतकवादियों के करीब पहुंचे, आंतकवादियों ने उन पर हथगोले फेंके, परन्तु गोलीबारी और हथगोलों के विस्फोट के सामने निडर होकर वे आतंकवादियों की तरफ बढ़ते ही रहे। आतंकवादियों का सामना करते हुए श्री शर्मा ने उनमें से दो को मार गिराया। अन्य आंतकवादी को दूसरे उप निरीक्षक श्री विपिन शेखावत द्वारा मार दिया गया। बाद में मारे गये आंतकवादियों की फैज अहमद दार, मौ० युसुफ भट तथा खुर्शीद अहमद मीर के रूप में शिनाख्त की गई जो हिजबुल मुजाहीदीन आंतकवादी ग्रुप से संबंधित थे। तलाशी के दौरान मुठभेड़स्थल से दो ए० के० 56 राइफलें, ए०के० 56 राइफलें की 7 मैगजीन, ए० के० 56 राइफल के 103 राउण्ड, दो हथगोले और 1 डेटोनेटिंग बैटरी बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में उप निरीक्षक श्री नीलमणि शर्मा ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 अक्तूबर, 1991 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 54-प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री किताब सिंह,
सूबेदार,
195वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल

श्री शिव लाल,
हैड कांस्टेबल,
195वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया

दिनांक 21 मार्च, 1992 को गांव टीकाबल के क्षेत्र में, जो कि आतंकवादियों का मजबूत गढ़ है, एक विशेष अभियान की योजना बनाई गई। जब सूबेदार किताब सिंह, शिव लाल, हैड कांस्टेबल और सीमा सुरक्षा बल के अन्य कर्मियों के साथ गांव से होकर गुजर रहे थे तो कुछ आतंकवादियों ने सीमा सुरक्षा बल के दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। श्री किताब सिंह ने स्थिति का आकलन किया और अपने दल को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया—एक हिस्से को आतंकवादियों की गोलीबारी को निष्क्रिय करने के लिये लगाया गया और दूसरा दल, सूबेदार किताब सिंह के नेतृत्व में आतंकवादियों को घेरने के लिये आगे बढ़ा। उन्होंने अपने कर्मियों को आतंकवादियों पर लगातार दबाव डालने का निर्देश दिया जिससे वे बचकर न भाग सकें। आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से श्री किताब सिंह के नेतृत्व के अधीन दल पर भारी गोलीबारी की, जो उनके खिलाफ तुरन्त ही कार्रवाई में जुट गये और बिना किसी बाधा के आतंकवादियों की ओर बढ़े।

श्री शिवलाल ने स्थिति का जायजा लिया, आतंकवादियों को बचकर भाग जाने से रोकने के लिये उन पर भारी दबाव डाला। आतंकवादियों ने श्री शिवलाल के दल पर गोली चलाई लेकिन अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किये बिना भारी गोली बारी के बीच वे लगातार आगे बढ़ते रहे। जब श्री शिव लाल, एक आतंकवादी से लगभग 20 गज की दूरी पर थे तो उन्होंने उसे आत्मसमर्पण के लिये ललकारा लेकिन आतंकवादी ने अपना एक हाथ ऊपर उठाकर दूसरे हाथ से निशाना साधा और उन पर गोली चला दी। तथापि त्वरित एक्शन लेकर श्री शिवलाल, आतंकवादी पर झपट पड़े और आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार डालने में सफल हो गये। बाद में मृत आतंकवादी की पहचान अली मोहम्मद मलिक, एरिया कमांडर के रूप में की गई। लगभग एक घण्टे तक गोलियों का आदान-प्रदान होता रहा। इस मुठभेड़ में कुल मिलाकर 9 आतंकवादी मारे गये। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद, मुठभेड़ स्थल से बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री किताब सिंह, सूबेदार और शिवलाल हैड कांस्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत पुलिस वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 21 मार्च, 1992 से दिया जायेगा।

गिरीश प्रधान
निदेशक

4—71GI/94

सं० 55 प्रेज/94—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रमेश कुमार डोगरा, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल,
29वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 11 मार्च, 1992 को एक नाका पार्टी ने कोटकला परागपुर रोड जंक्शन पर एक नाका लगाया। एक नायक की कमांड के अधीन एक दल ने, जिसमें 6 अन्य कर्मी सी०, सु० ब० के (कांस्टेबल रमेश कुमार डोगरा सहित) और पंजाब पुलिस का एक होम गार्ड शामिल था, निर्धारित स्थान पर मोर्चा संभाला।

